# विशाल इण्डिया

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

सच्चाई की राह पर!

वर्षः 13 | अंकः 155 | गौतमबुद्धनगर, शनिवार 04 मई 2024 | पृष्ठ : 08 मूल्य : 02 रुपये | आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236





P- 3

रैपिड रेल के साथ 9 रूट पर चलेंगी फीडर बस



P- 4

पोलिंग पर्सन को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने में सक्षम व दक्ष



P- 5

स्थानीय चुनावों के खराब नतीजों के बाद दबाव में प्रधानमंत्री सुनक



P- 6

पांड्या के चयन हो अगरकर ने सही बताया, उसका कोई विकल्प नहीं


## हैप्पी मॉर्निंग

लड़की वाले शादी के लिए देखने आ रहे थे...!
पापा- बेटा लड़की वाले आ रहे हैं, उनके सामने थोड़ी लंबी-लंबी फेंकना...!
लड़की वालों के आते ही
बेटा- पापा जरा चाबी देना, वो ट्रेन धूप में खड़ी है, अंदर कर देता हूं...!
पापा बेहोश...!

## शायरी

जो भी आता है बताता है नया
कोई इलाज
बंट न जाए तेरा बीमार
मसीहाओं में

## अर्थसार

संसेक्स:
73,878.15
-732.96 (0.98%)
निफ्टी:
22,475.85
-172.35

## मौसम

अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से
सूर्योदय रविवार : 5 : 38
सूर्यास्त शनिवार : 6 : 59

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर होगा विचार

## 7 मई को फैसला; कहा- गिरफ्तारी पर सुनवाई में समय लग सकता है

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और रिमांड पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को दो घंटे बहस हुई। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर विचार किया जा सकता है, ताकि वे कैंपेन में हिस्सा ले सकें।

बेंच ने कहा कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है, इसमें समय लग सकता है। कोर्ट ने ईडी से कहा- अगली सुनवाई में अंतरिम जमानत की शर्तों को भी बताया जाए। हमे अंतरिम जमानत देने या न देने पर अभी फैसला करना है। हम 7 मई को इस पर सुनवाई करेंगे।

केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की तरफ से एएसजी एसवी राजू ने सुप्रीम कोर्ट में दलीलें रखीं। सिंघवी ने एक बार फिर कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी है। केजरीवाल ने ईडी के 9 समन का जवाब दिया था।

# एक साल से जल रहा मणिपुर

## राज्य में सामान्य हालात दूर की बात, 250 राहत शिविरों में 58 हजार से ज्यादा लोगों का संघर्ष जारी

**इंफाल।** मणिपुर में जारी जातीय हिंसा को आज एक साल पूरा हो गया है, लेकिन हिंसा के एक साल बाद भी राज्य में मैतेई और कुकी-ज़ोमी जनजाति के बीच तनाव जारी है। पिछले साल 3 मई को शुरू हुई इस जातीय हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे जा चुके है। वहीं, 58 हजार से अधिक बेघर लोग राहत शिविरों में तकलीफों में रह रहें है। राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब है कि जेड सुरक्षा के साथ भी राज्य के मुख्यमंत्री पिछले एक साल में कुकी-जोमी इलाकों में जानमाल के नुकसान का जायजा लेने नहीं जा पाए है। यहां समाज बिखर चुके हैं। दफ्तर हों या अस्पताल, कहीं भी सरकारी सिस्टम नहीं बचा है। सरकार के सर्कुलर के बावजूद सरकारी दफ्तरों से कर्मचारी गायब हैं। कुकी बहुल जिलों हों या मैतेई बहुल, सड़कों पर



हथियारबंद लोग नजर आ जाएंगे। पूरा राज्य दो हिस्सों में बंटा है। हालात यह है कि कुकी-जोमी जनजाति के लोग अब इंफाल घाटी में आने का कोई जोखिम नहीं उठाते, जबकि पहाड़ों में बसे मैतेई लोगों ने अपने घर-जमीन सबकुछ छोड़ दिया है। मणिपुर के कुल 16 जिलों में कुकी जनजातियां मुख्य रूप से चूराचांदपुर, कांगपोकपी, चंदेल, फेरजॉल और टेंगनौपाल जिलों की दक्षिणी पहाड़ियों में रहती हैं। वहीं, इंफाल घाटी के बिष्णुपुर, थौबल, इंफाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट में मैतेई का दबदबा है। मणिपुर में गुरुवार को संदिग्ध उग्रवादी संगठन के सदस्यों ने चूराचांदपुर के सालबुंग गांव में स्थित एसबीआई शाखा को लूट लिया।

### 11 गंभीर केस की जांच कर रही है सीबीआई

मणिपुर हिंसा से जुड़े 11 गंभीर मामलों की जांच सीबीआई कर रही है। पिछले साल सुप्रीम कोर्ट में मणिपुर सरकार ने कहा था कि इस हिंसा से जुड़े 5,995 मामले दर्ज हुए और 6,745 लोगों को हिरासत में लिया है।

### लोगों के पास काम नहीं और चीजों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं

मानवाधिकार कार्यकर्ता कहते है कि हिंसा से जनजातियों को काफी नुकसान हुआ है। हिंसा से पहले 30 हजार से अधिक कुकी लोग इंफाल में बसे हुए थे। उनके पक्के मकान थे, दुकानें थी लेकिन हिंसा में सबकुछ जलकर राख हो गए। ठीक इतनी ही संख्या में मैतेई लोगों को सबकुछ गंवाना पड़ गया। जो लोग रोजाना की दिहाड़ी से अपना खर्चा चलाते थे उनकी कमर टूट गई है। उनके पास काम नहीं है और चीजों की कीमत दोगुनी हो गई है।

## सड़क दुर्घटना में विधायक सरनाईक के परिवार के चार सदस्यों समेत पांच लोगों की मौत



अकोला। महाराष्ट्र में अकोला जिले के वाशिम रोड पर पातुर सिटी के पास शुक्रवार को सड़क हादसे में विधायक किरण सरनाईक के परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि श्री सरनाईक का परिवार एक कार में सवार होकर जा रहा था, तभी पातुर सिटी के पास उनके वाहन की टक्कर एक अन्य कार से हो गयी। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये कार श्री सरनाईक के भाई की है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पातुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां सभी की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

## चौथे चरण में 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 96 सीटों पर 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमायेंगे। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को बताया कि इस चरण में आन्ध्र प्रदेश की 25, बिहार की 5, जम्मू कश्मीर की एक, झारखंड की 4, मध्य प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 11, ओडिशा की 4, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए चुनाव होगा। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अप्रैल तक कुल 4264 नामांकन पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन पत्रों की जांच के बाद 1970 नामांकन पत्र वैध पाए गए। तेलंगाना की 17 सीटों के लिए 525, आंध्र प्रदेश की 25 सीटों के लिए 454, महाराष्ट्र की 11 सीटों के लिए 298 और उत्तर प्रदेश की 13 सीटों के लिए 130 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जम्मू कश्मीर की एक सीट के लिए ही 24 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

नामांकन दाखिल



कांग्रेस नेता और रायबरेली संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव के लिए रायबरेली में अपना नामांकन दाखिल किया।

रेवन्ना केस

**महिला के 20 वर्षीय बेटे ने गुरुवार रात मैसूरु जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई**

# रेवन्ना केस : वायरल वीडियो में प्रज्वल संग दिखी महिला किडनैप

नई दिल्ली। स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम ने हसन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ शुक्रवार को सर्च ऑपरेशन शुरू किया। एक पीड़िता के बेटे की ओर से दर्ज शिकायत के बाद यह ऐक्शन लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, वायरल वीडियो में रेवन्ना को उस महिला का यौन उत्पीड़न करते देखा जा सकता है। बेटे की ओर से दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया गया कि उसकी मां का अपहरण किया गया है। लापता महिला के 20 वर्षीय बेटे ने गुरुवार रात मैसूरु जिले के केआर नगर पुलिस स्टेशन में इसे लेकर शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि उसकी मां को रेवन्ना परिवार का एक परिचित बहला-फुसलाकर ले गया। अपहरणकर्ता की पहचान सतीश बबन्ना के रूप में हुई है। आरोप है कि उसने प्रज्वल के पिता और जद (एस) विधायक एचडी रेवन्ना के कहने पर महिला को प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए ऐसा किया।

रिपोर्ट के मुताबिक, शिकायत के आधार पर पुलिस ने एचडी रेवन्ना के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। एफआईआर में कहा गया कि बबन्ना ने एचडी रेवन्ना की पत्नी भवानी रेवन्ना के समन के बहाने महिला को अपने साथ जाने के लिए मनाया। बेटे ने कहा, मतदान वाले दिन



की बात है। जब सुबह-सुबह ही बबन्ना ने मेरी मां को हमारे घर पर छोड़ा। उसने मेरे पेरेंट्स से कहा कि अगर वे हमारे घर आएं तो पुलिस को कुछ भी न बताया जाए। साथ ही उसने धमकी दी कि हमारे खिलाफ केस दर्ज कर लिया जाएगा। ऐसा हमें कहा गया कि अगर पुलिस आए तो सचेत रहना होगा। हालांकि, 29 अप्रैल को वह वापस लौटा। उसने हमारे परिवार के लिए कानूनी खतरों का हवाला दिया और मां को जबरन मोटरसाइकिल पर साथ ले गया।

### महिला ने 6 साल तक घरेलू सहायिका के तौर पर किया काम

शिकायतकर्ता के मुताबिक, उसकी मां ने होलेनरसीपुर में एचडी रेवन्ना के घर और उसके खेत में 6 साल तक घरेलू सहायिका के तौर पर काम किया। मगर, अब से 3 साल पहले उसने नौकरी छोड़ दी। वह अपने गांव लौट आई जहां अब दिहाड़ी मजदूरी करती है। रेवन्ना के लोगों की ओर से कहा गया कि अगर मेरी मां को पुलिस ने पकड़ा तो केस दर्ज होगा और हम सभी जेल चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि रेवन्ना ने मेरी मां को लाने के लिए कहा है।

इसके बाद वह मेरी मां को मजबूर करने लगे और जबरन ही अपनी बाइक पर बैठाकर ले गया। बेटे ने कहा कि उसे 1 मई को यह जानकारी मिली कि एक ऐसा वीडियो सामने आया है जिसमें उसकी मां के साथ यौन उत्पीड़न हो रहा है। इसमें महिला के गुहार लगाने के बावजूद रेवन्ना उस पर हमला करता है।

# पटना में एक-एक कर 6 सिलेंडर ब्लास्ट, 30 घर जले

## 25 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से 3 घंटे बाद पाया काबू

एजेंसी

पटना। पटना के बांस घाट इलाके में शुक्रवार को आग लग गई। आग से 30 से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। लोगों के घरों में रखा सामान भी जल गया। एक-एक कर 6 सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में 4 लोग झुलसे हैं। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

आग इतनी भयावह थी कि 2 किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 25 से ज्यादा फायर



ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मौके पर 10 से ज्यादा एंबुलेंस भी तैनात थी। आग पर काबू पाने के लिए हाईड्रोलिक भी बुलाई गई थी। वहीं 4-5 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

# शराब घोटाला केस...205 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच

## ईडी का ढेबर, टुटेजा की संपत्ति पर एक्शन

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय ने घोटाले के आरोपियों की 205 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच कर दी है।

इन प्रॉपर्टी में रायपुर की आलीशान होटल और मल्टी स्टोरी बिल्डिंग भी शामिल है। ईडी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, इन संपत्तियों में 18 चल और 161 अचल संपत्ति है। यह संपत्ति पूर्व आईएएस अफसर अनिल टुटेजा, कारोबारी अनवर ढेबर समेत बाकी आरोपियों की है। करीब 11 महीने पहले भी 122 करोड़ की संपत्ति ईडी ने जब्त की थी।

### रायपुर के पॉश इलाकों में है संपत्ति

205 करोड़ की इन संपत्ति में कुछ संपत्ति रायपुर के मुख्य इलाकों में स्थित है। स्टेशन रोड और शंकर नगर जैसे पॉश इलाकों की इन एक-एक बिल्डिंग की कीमत करोड़ों में है। शराब घोटाले में पूर्व मंत्री, आईएएस अफसर, पूर्व आबकारी अधिकारी और बड़े कारोबारी शामिल हैं। इनमें अनिल टुटेजा 2003 बैच के आईएएस अफसर हैं जो अभी ईडी की हिरासत में हैं।

वहीं कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन 8 मई तक EOW की रिमांड पर हैं। इसके अलावा कारोबारी अनवर ढेबर, अरविंद सिंह और पूर्व आबकारी अधिकारी अरुणपति त्रिपाठी 16 मई तक जेल में रहेंगे।

## उत्तराखंड चारधाम यात्रा : 19 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने कराए रजिस्ट्रेशन

देहरादून। चार धाम यात्रा की शुरुआत के लिए एक हफ्ते का वक्त बचा है। सरकारी अमला जोर शोर से यात्रा की तैयारी में जुटा है। शासन स्तर पर यात्रा से संबंधित सभी विभागों की मॉकड्रिल की जा चुकी है, ताकि यात्रा की तैयारी को परखा जा सके। वही यात्रा को लेकर वाले श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है,लगातार श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। शुक्रवार शाम तक चारों धामों में आने के लिए 19 लाख 25 हजार 617 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं, अकेले 3 मई को 52129 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन हुए। केदारनाथ धाम के लिए सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं यहां 6 लाख 68 हजार 356 रजिस्ट्रेशन कराए हैं इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए केदारनाथ धाम में व्यवस्थाओं को भी बेहतर किया जा रहा है इस बार श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए मंदाकिनी नदी के किनारे बने आस्था पद से होकर जाएंगे। यहां मंदिर मार्ग पर सीवर लाइन बिछाने के लिए खोदाई की गई है, इसलिए बाबा के धाम में इस बार कुछ बदलाव नजर आएंगे।


propre
Luxury Real Estate



Deal in yamuna authority plot, greater Noida authority ,5,6,7 % plot abadi plot Ansal golf link 2 plots, upsidc plots

CALL NOW
+ 91 9871577057
info@propreluxuryrealestate.com
www.propreluxuryrealestate.com

# रैपिड रेल के साथ 9 रूट पर चलेंगी फीडर बस

## एनसीआर ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन ने बनाया प्लान, हजारों लोगों को होगा फायदा

नोएडा। गाजियाबाद से नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रैपिड रेल कॉरिडोर के साथ फीडर बस चलाने की प्लान है। ये बस दो फेज में नौ रूट पर चलाई जाएंगी। ये प्लान इसलिए तैयार किया गया ताकि रैपिड कॉरिडोर से 3 किमी के बाहर रिहाइशी और इंडस्ट्रियल एरिया को कवर किया जा सके। आने वाले समय में यहां तेजी से जनसंख्या बढ़ेगी। इस योजना को लास्टमाइल कनेक्टिविटी के तहत लॉन्च किया जा रहा है। बता दे आगामी पांच सालों में रैपिड रेल का संचालन होगा। ये हजारों लोगों को फायदा देगी।

एनसीआर ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ने गाजियाबाद स्टेशन से नोएडा एयरपोर्ट तक 72 किमी लंबे रैपिड रेल कॉरिडोर पर प्रस्तावित 22 स्टेशन में से नौ रूट पर फीडर बस चलाने की प्लानिंग की है। इसके पहले फेज में गाजियाबाद स्टेशन से इकोटेक VI तक छह बस





रूट और इकोटेक VI से जेवर एयरपोर्ट तक तीन रूट प्लान किए गए।

### पहले फेज में इन छह रूटों पर चलें गी फीडर बस

नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एनसीआरटीसी) के अनुसार रैपिड रेल का पहला फेज 39 किमी लंबा है। इसमें 11 मेट्रो स्टेशन है। ये लाइन मुख्य रूप से गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा वेस्ट के उन हिस्सों को कवर करता है जो पहले से ही विकसित हैं और अधिक जनसंख्या वाले है। ऐसे में पहले फेज में छह बस रूट को प्लान किया गया ये गाजियाबाद स्टेशन और इकोटेक VI के बीच है।

### गाजियाबाद साउथ स्टेशन से डासना

ग्रेटर नोएडा सेक्टर 2 स्टेशन से एक्वा लाइन सेक्टर 76 मेट्रो स्टेशन

मलकपुर स्टेशन से दादरी मुख्य सड़क होते हुए नोएडा एक्सप्रेस वे पर सेक्टर 93

नॉलेज पार्क 3 स्टेशन से यूपीएसआईडीसी साइट 4

ज़ेटा 1 जीएनआईडीए सेक्टर पीआई-1 और 2 से इकोटेक 4 तक।

### आरआरटीएस के दूसरे फेज में तीन बस रूट किए प्लान

आरआरटीएस के दूसरे खंड के लिए केवल तीन बस रूट प्लान किए गए।

इसकी वजह है कि ये रूट जेवर एयरपोर्ट तक 32.9 किमी लंबा तो है लेकिन इसका हिस्से कुछ एक सोसाइटी और ग्रामीण इलाकों से होकर जा रहा है।

### दनकौर स्टेशन से सिकंदरा बाद होते हुए गौतमबुद्ध इंटरनेशनल सर्किट

यीडा सेक्टर 18 से बीआईसी तक

यमुना एक्सप्रेस गौर यमुना सिटी से यीडा सेक्टर 21

कुछ इस तरह की चल सकती है फीडर बस।

कुछ इस तरह की चल सकती है फीडर बस।

### फीडर बस की इस तरह बढ़ेगी उपयोगिता

इस साल के अंत तक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने और आरआरटीएस के आस पास आवासीय और डेटा सेंटर हब के रूप में बनना शुरू हो जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि आरआरटीएस से आने जाने के लिए इन संस्थानों से आने वाले लोग इन बस का प्रयोग कर आसानी स्टेशन तक पहुंच सकेंगे। साथ ही उनको लास्ट माइल कनेक्टिविटी से भी जोड़ा जा सकेगा।

## सोसाइटी में कुत्ते ने बच्चे को काटा, लोगों ने थाना घेरा

नोएडा। सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी में गुरुवार की रात छह साल के बच्चे को लावारिस कुत्ते ने काट लिया। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से गुस्साए 50 से अधिक लोगों ने देर रात फेज-3 थाने में आकर हंगामा किया। सोसाइटी निवासी मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे।थाना प्रभारी ने बताया कि करीब रात 8ः00 बजे कुत्ते ने बच्चे को काटा था। उसको दो टांके लगे हैं। बच्चा सुरक्षित है। इस मामले में थाने पहुंचे लोगों का कहना था कि उनकी सोसाइटी में लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर रोज कुत्ते छोटे बच्चों और बुजुर्गों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। थाने में आए सोसाइटी निवासियों ने लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि सोसाइटी के आसपास के लावारिस कुत्तों को हटाया जाए।

## नोएडा प्राधिकरण की जीमन पर अवैध कब्जा, प्रधान के खिलाफ मुकदमा

एजेंसी

नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र की अधिसूचित जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है।

प्राधिरकण के अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने अवैध कब्जे करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह मामला थाना फेस-2 क्षेत्र का है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गांव इलाहाबास के खसरा संख्या 45 पर स्थित प्राधिकरण की अधिग्रहित भूमि पर रवि प्रधान और उनके साथियों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है।

30 अप्रैल को निर्माण रोकने की कोशिश की थी, लेकिन आरोपियों ने टालमटोल करते हुए रात्रि के समय भी अवैध निर्माण जारी रखा। जिसकी शिकायत अवर अभियंता विजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ और बड़े स्तर पर अभियान चलाने की भी चेतावनी दी।

### इन धारों में मुकदमा दर्ज

नोएडा पुलिस ने बताया कि रवि प्रधान और अन्य आरोपियों के विरुद्ध धारा 447, 427, 431, 188 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में फर्जी होलोग्राम बनाने वाला अरेस्ट

### 90 लाख घूस देकर लिया था टेंडर, यूपी एसटीएफ ने नोएडा से पकड़ा

लखनऊ। छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले के आरोपी विधू गुप्ता को यूपी एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया। आरोपी ने शराब माफिया व सरकार के ऊंचे पदों पर बैठे अधिकारियों के साथ मिलकर फर्जी होलोग्राम बनाकर सरकारी दुकानों पर शराब की अवैध बिक्री कराई।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को यूपी एसटीएफ ने 1 बजे कासना, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले विधू गुप्ता पुत्र स्वर्गीय घनश्याम दास को गिरफ्तार किया। विधू गुप्ता प्रिज्म होलोग्राफी एवं सिक्योरिटी फिल्म प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं।

एसटीएफ की जांच में खुलासा हुआ कि विधू गुप्ता को प्रति होलोग्राम 8 पैसा कमीशन तथा अवैध शराब



बेचने के लिए डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई करने की शर्त पर टेंडर मिला।

### फर्जी ट्रांजिट पास से 15 जिलों में करते सप्लाई

टेंडर मिलने के बाद विधू गुप्ता छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के एमडी अरूण पति त्रिपाठी के निर्देशानुसार डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ सक्रिय गैंग को करने लगा। गैंग के सदस्य डुप्लीकेट होलोग्राम को विधू गुप्ता से लेकर सीधे मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज, छत्तीसगढ डिस्टलरीज लिमिटेड, भाटिया वाईन एण्ड मर्चेंट प्राइवेट लिमिटेड को पहुंचा देते। वहां पर उन होलोग्राम को अवैध शराब की बोतलों पर चिपकाया जाता। उन बोतलों को छत्तीसगढ़ राज्य के चिन्हित 15 जिलों के आबकारी विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा फर्जी ट्रांजिट पास पर अवैध शराब को सीएसएमसीएल की दुकानों पहुंचाया जाता।

### तीन साल तक महीना 400 ट्रक अवैध शराब बेची

इन दुकानों पर गैंग के कर्मचारी रहते थे। जो अवैध शराब को असली शराब के साथ बेच देते। इसका पैसा अलग से इकठ्ठा करते। अवैध शराब से आया पैसा गैंग सदस्य अलग से कलेक्ट करते। इसके बाद पैसे को बड़े अधिकारियों के पास पहुंचाया जाता। गैंग में शामिल सभी सदस्यों का कमीशन फिक्स था।

2019 से 2022 तक हर महीने 400 ट्रक की अवैध शराब की सप्लाई की गई। इतना ही नहीं विधू गुप्ता ने होलोग्राम का टेंडर लेने के लिए राज्य आबकारी विभाग को 90 लाख की घूस दी। मामले में अनवर ढेवर इसी मामले से संबंधित एक अन्य मामले में ई.ओ.डब्ल्यू और एंटीकरप्शन ब्रांच, छत्तीसगढ़ गिरफ्तार कर जेल भेज चुका है। वहीं अनिल टुटेजा, आईएएस तत्कालीन सचिव इण्डस्ट्री को ईडी रायपुर छत्तीसगढ़ ने हिरासत में लिया है।

## बैंकों में जाली नोट मिलने के मामले में केस दर्ज

### पांच महीने पहले मिले थे नकली नोट, अडिट के समय मिली जानकारी

नोएडा। नोएडा के दो बैंकों में जाली नोट मिलने के मामले में फेज दो थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। केस नकली नोट मिलने के पांच महीने बाद दर्ज किया गया है।

आईपीएस गहलोत प्रबंधक दावा भारतीय रिजर्व बैंक कानपुर ने फेज दो थाने में दी शिकायत में बताया कि थाना क्षेत्र स्थित एक बैंक द्वारा जमा कराई गई





राशि में से कुछ नकली नोट मिले है।

उन्होंने बताया कि ऑडिट के दौरान यह बात संज्ञान में आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 489 ए, 489 बी, 489 सी, 489 डी तथा 489 आई के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एक अन्य मामले में भी आईपीएस गहलोत ने मुकदमा दर्ज करवाया है कि थाना फेस- दो क्षेत्र में स्थित एक बैंक से जमा कराई गई राशि में से काफी नोट नकली मिले हैं। गौतमबुद्धनगर के बैंकों में जमा होने वाली राशि को रिजर्व बैंक के कानपुर शाखा में रखा जाता है।

वहां पर नोटों की जब गिनती हुई तो नकली नोट मिले। जिन बैंक से प्राप्त राशि में नकली नोट प्राप्त हुए, उनके खिलाफ मुकदमा हुआ है। एक विशेष टीम इस बात की जानकारी कर रही है कि बैंकों में नकली नोट कैसे जमा हो गए। इसमें किसकी लापरवाही है। कहीं बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से तो ऐसा नहीं हुआ है। पुलिस भी सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा में 6 साल के बच्चे को कुत्ते ने काटा

नोएडा। नोएडा सेक्टर-70 स्थित पैन ओएसिस सोसाइटी में गुरुवार की रात छह साल के बच्चे को लावारिस कुत्ते ने काट लिया। गंभीर हालत में बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से गुस्साए 50 से अधिक लोगों ने देर रात फेज-3 थाने में आकर हंगामा किया। सोसाइटी निवासी मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने लोगों से शिकायत ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि करीब रात 8ः00 बजे वो कॉरिडोर में खेल रहा था। इस दौरान कुत्ते ने बच्चे को काटा था। उसको दो टांके लगे हैं। बच्चा सुरक्षित है। इस मामले में थाने पहुंचे लोगों का कहना था कि उनकी सोसाइटी में लावारिस कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। हर रोज कुत्ते छोटे बच्चों और बुजुर्गों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। थाने में आए सोसाइटी निवासियों ने लावारिस कुत्तों को खाना खिलाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि सोसाइटी के आसपास के लावारिस कुत्तों को हटाया जाए। थाने में वे लोग भी पहुंचे, जिनको कुत्तों ने काटा था। पुलिस अधिकारी लोगों को मामले में कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाने का प्रयास करते रहे। इस मामले में पैन ओएसिस के एओए पदाधिकारी रवि पांडे ने कहा कि निवासी लावारिस कुत्तों की नियमानुसार व्यवस्था करने की मांग कर रहे है।

## निरस्त फर्मों से की 3.22 करोड़ की खरीद, 50 लाख जमा कराए

ग्रेटर नोएडा। निरस्त की जा चुकी फर्मों से 3.22 करोड़ की खरीद करने पर उत्तर प्रदेश जीएसटी विभाग गौतमबुद्ध नगर जोन नोएडा की टीम ने एक फर्म से 50 लाख रुपये राजकोष में जमा कराए हैं। ये फर्म आयातक और निर्यातकों को लॉजिस्टक एवं क्लियरेंस सेवा उपलब्ध कराती हैं। कर जमा करने में अनियमितता बरतने वाले और गड़बड़ी करने वालों पर अपर आयुक्त राज्य कर विभाग गौतमबुद्ध नगर जोन नोएडा चांदनी सिंह आईएएस के निर्देश पर जीएसटी विभाग की टीम कार्रवाई कर रही है। अपर आयुक्त ग्रेड-02 विवेक आर्या के नेतृत्व में गौतमबुद्ध नगर में स्थित सेवा क्षेत्र की एक नामी फर्म की जांच विशेष अनुसंधान शाखा ने बृहस्पतिवार को की। ये फर्म कस्टम क्लियरेंस एवं फारवर्डिंग एजेंट के रूप में आयातकों और निर्यातकों को लॉजिस्टिक एवं क्लियरेंस सेवाएं प्रदान कर रही हैं। जांच में पता चला कि फर्म के द्वारा विभिन्न वर्षों में 3.22 करोड़ रुपये की खरीद ऐसी फर्मों से की गई है, जिनका पंजीयन पूर्व में ही निरस्त किया जा चुका है, या फिर वे अस्तित्वहीन फर्में हैं। फर्म ने उक्त खरीद पर 58.07 लाख की आईटीसी का दावा करते हुए उस आईटीसी का समायोजन अपनी करदेयता के विरुद्ध किया है। इसके कारण फर्म संचालन व्यापारी से 50 लाख रुपये डीआरसी-03 के माध्यम से तत्काल राजकोष में जमा कराए गए हैं। देर रात की गई जांच के दौरान योगेश कुमार विजय, उपायुक्त राज्य कर नोएडा अन्जेश बरनवाल, सहायक आयुक्त अजय कुमार श्रीवास, राज्य कर अधिकारी प्रदीप नैन व विनोद कुमार मिश्र मौजूद रहे।

## एक करोड़ का उधार नहीं चुकाने पर रिपोर्ट दर्ज

ग्रेटर नोएडा। पेंट की दुकान से एक करोड़ का उधार लेकर पैसा नहीं देने और धमकाने के मामले में अदालत के आदेश पर कासना पुलिस ने दिल्ली के दो भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कंस्ट्रक्शन साइट पर बड़ी मात्रा में पेंट की खपत होने की बात कहते हुए आरोपी मनीष और निर्मल जैन ने पीड़ित विकास जैन की दुकान से माल उठाया था। बीटा-2 क्षेत्र के स्वर्ण नगरी के निवासी विकास जैन की कासना में पेंट की दुकान है। विकास ने बताया कि दिल्ली निवासी दो ठेकेदार भाई मनीष जैन और निर्मल जैन कुछ दिनों पहले उनके पास आए थे। दोनों ने कहा कि उनका बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट पर काम चल रहा है। बड़े पैमाने पर पेंट, पुट्टी, वार्निश आदि मटेरियल की जरूरत है। आरोपियों ने यह कहते हुए दुकान से पेंट आदि उठाना शुरू कर दिया।

## नोएडा प्राधिकरण का चला बुलडोजर

### सलारपुर गांव में 5500 वर्गमीटर जमीन कराई खाली, 18 करोड़ कीमत, हो रहा था अवैध निर्माण

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण लगातार अपनी जमीन को कब्जा मुक्त करा रहा है। इस क्रम में वर्क सर्किल-8 के सलारपुर गांव में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। यहां खसरा संख्या 727 और 728 पर किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इस जमीन पर बाउंडरी व कमरों का निर्माण किया जा रहा था। इस जमीन का क्षेत्रफल करीब 5500 वर्गमीटर और कीमत करीब 18 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। इस जमीन पर भू माफियाओं की ओर से प्लाट काटकर लोगों को बेचा जा रहा था।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने नोएडा वासियों से अपील की है कि सस्ती जमीन और भू माफियाओं के फेर में न फंसे। जमीन लेने से पहले नोएडा प्राधिकरण से जमीन के बारे में जानकारी ली जाए। इसके बाद ही



अपनी जमा पूंजी लगाए। बता दे नोएडा प्राधिकरण द्वारा एक महीने तक चलाए गए अभियान में करीब 1 लाख 30 हजार वर्गमीटर जमीन को अवैध निर्माण मुक्त कराया जा चुका है। बता दे ये सभी जमीन प्राधिकरण की अधिग्रहीत जमीन है। ये जमीन मास्टर प्लान 2031 के अनुसार नियोजित है।

प्राधिकरण ने बताया कि अधिकांश जमीन पर कब्जा नोएडा के ग्रामीण इलाकों में जो या तो डूब क्षेत्र ये जुड़े है या सेक्टरों के पास है किया गया है। इसमें नोएडा के गांव बसई, सलारपुर, हिंडन विहार, भंगेल, पर्थला, सोरखा जाहिदाबाद, असदुल्लापुर, मोहियापुर, गढ़ी समस्तीपुर, गुलावली में अवैध निर्माण को हटाया जा रहा है। प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि जिन इमारतों पर नोटिस चस्पा किया गया है। उनसे जवाब मांगा गया है। यदि 7 दिनों में वे जवाब नहीं देते तो उन इमारतों को ध्वस्त किया जाएगा।

## विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देने वाले दो गिरफ्तार

### 104 पासपोर्ट , 31 फर्जी वीजा बरामद, प्रति व्यक्ति लेते थे 90 हजार रुपए, 6 साल से थे एक्टिव

नोएडा। थाना सेक्टर-49 पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने एक फर्जी ट्रैवल कंपनी खोली थी। इसी के जरिए ये बेरोजगार लोगों को झांसे लेते थे। डॉक्यूमेंट के आधार पर फर्जी वीजा बनाते थे। इनके पास से 104 पास पोर्ट, 31 फर्जी वीजा बरामद किए है। जिनके साथ ये ठगी कर चुके है। इनकी पहचान इशाक युनूस उर्फ रोबिन उर्फ



जितेंद्र और रोहित ओबराय हुई है। दोनों को पीएनबी बैंक के पास होशियारपुर नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

डीसीपी विद्या सागर मिश्रा ने बताया कि इशाक युनूस इस गैंग का सरगना है। वो पिछले छह साल से लोगों विदेश भेजने का झांसा देकर ठगी करने का काम कर रहा है। यह गैंग लड़कों को गुमराह करता है। इसके ऊपर दिल्ली में भी मुकदमा दर्ज है। ये लोग बेरोजगार लोगों को जार्डन, साउदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों में नौकरी का झांसा देते थे। उनको बताते थे कि वहां की कंपनी में नौकरी मिलेगी साथ रहने खाने पीने की व्यवस्था कंपनी की होगी।

झांसे में आने के बाद पासपोर्ट और वीजा बनवाने और कागजी दस्तावेज के लिए प्रति लड़का 80 90 हजार रुपए लेते थे। कोई कागज कम पाये जाने पर रेट बढ़ाकर उनसे और पैसों की डिमांड की जाती थी। ये लोग बेरोजगार लोगों को झांसे में लेने के लिए सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर अपना फर्जी प्रचार प्रसार करते थे।

## प्राधिकरण फिर पहुंचा कोर्ट, बकाया वसूली की कोशिश

नोएडा। सेक्टर-107 के हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के मामले में बकाये की वसूली के लिए प्राधिकरण ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की है। कोर्ट ने पिछले आदेश में प्राधिकरण को इस परियोजना का ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी करने का आदेश दिया था, जबकि बिल्डर पर प्राधिकरण का 90 करोड़ का बकाया है। मामला फ्लैट खरीदारों से धोखाधड़ी का है। खरीदारों से 636 करोड़ निवेश कराने के बाद बिल्डर ने पैसे को कहीं और डायवर्ट कर दिया। उक्त कंपनी पर प्राधिकरण के बकाये की वजह से फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री भी नहीं हो रही है। अब कोर्ट ने प्राधिकरण को रजिस्ट्री कराने के आदेश दिए हैं। तब प्राधिकरण ने अपील के माध्यम से अपने बकाये की बात कोर्ट तक पहुंचाने की कोशिश की है।

## शार्ट न्यूज

### परिवार के ऊपर गांव के हिस्ट्रीशीटर ने की फायरिंग

ग्रेटर नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र के खटाना गांव में रहने वाले एक परिवार के ऊपर गांव के हिस्ट्रीशीटर और उसके साथियों ने कई राउंड फायरिंग कर दहशत फैला दी। इसमें कई राउंड गोलियां चली। पीड़ित पक्ष के अनुसार आरोपी उनसे रंगदारी की मांग करते हैं। रंगदारी नहीं देने पर उसपर हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि गुरुवार की रात को थाने में प्रशांत कुमार पुत्र नरेश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के मुताबिक उनके भाई आदेश अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। तभी कल्लू उर्फ कुलदीप, सचिन, सोनू, संदीप, सागर और कई अज्ञात लोग अवैध हथियार से लैस होकर आए गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उनके भाई के ऊपर जान से मारने की नीयत से ताबड़तोड़ गोली चला दी। बदमाशों ने करीब 15 राउंड से ज्यादा गोली चलाई। आरोपियों पर पहले से कई खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में दर्जनभर मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं पीड़ित प्रशांत का कहना है कि आरोपी हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इनकी आसपास के क्षेत्र में दहशत है। उनके पिता सरकारी नौकरी करते हैं और उनके भाई की मोटर ड्राइविंग का स्कूल है। ये लोग उनसे प्रतिमाह मोटी रकम की मांग रंगदारी के रूप में करते हैं।

### ग्रेनो में 356 स्थानों पर 2300 सीसीटीवी कैमरे लगवाएगा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा। सेफ सिटी के रूप में विकसित करने के साथ-साथ प्राधिकरण ग्रेनो में 356 स्थानों पर 2300 सीसीटीवी कैमरे लगवाएगा। उच्च गुणवत्ता वाले इन कैमरों से न सिर्फ वाहनों के नंबर और रंग की पहचान की जा सकेगी, बल्कि उसमें बैठे लोगों की तस्वीर भी आसानी से ली जा सकेगी। यह शहर की प्रत्येक सीमा और दूसरे जनपदों की सीमा पर लगाए जाएंगे। दिसंबर 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गौतमबुद्ध नगर के तीनों प्राधिकरणों के कार्यों की समीक्षा करते हुए पूरे जनपद को पुलिस के साथ मिलकर सेफ सिटी बनाने के निर्देश दिए थे। इसके तहत नोएडा में तो काफी हद तक सीसीटीवी कैमरे लगाकर शहर को सुरक्षित कर लिया गया है। अब ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसकी तैयारी में जुट गया है। प्राधिकरण ने शहर को सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस के साथ मिलकर 2300 उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया था। प्राधिकरण और पुलिस ने मिलकर 356 स्थानों को चिन्हित कर लिया है और अब इन पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए आचार संहिता खत्म होने के बाद टेंडर जारी कर दिया जाएगा।

### अब निजी कंपनियों से कामकाज के तौर-तरीके सीखेंगे पीवीवीएनएल के इंजीनियर

नोएडा। अब पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम (पीवीवीएनएल) के इंजीनियर निजी कंपनियों से कामकाज करने के तौर-तरीके सीखेंगे। उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए निजी कंपनियों में भेजकर प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय से इंजीनियरों के नाम मांगे गए हैं। इन्हें दो-दो सप्ताह का प्रशिक्षण विभिन्न चरणों में दिया जाएगा। इसमें सहायक इंजीनियरों से लेकर अधीक्षण अभियंता तक को शामिल किया जाएगा। पश्चिमांचल विद्युत निगम अपने कामकाज के तौर तरीकों में तेजी से बदलाव करने का प्रयास कर रहा है। उपभोक्ताओं का केवाईसी कराने के बाद, बिलिंग, नए कनेक्शन के लिए आवेदन, बिल जनरेट करने का अधिकार समेत अन्य जरूरी कामकाज को पूरा करने के लिए ऑनलाइन माध्यमों का प्रयोग तेजी से किया जा रहा है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन का कहना है कि प्रदेश स्तर पर कर्मचारियों को बेहतर कामकाज के तौर तरीकों के बारे में प्रशिक्षण देने का फैसला किया गया है।

### मोबाइल-टावरों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का भंडा फोड़ , 6 सदस्य गिरफतार

गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने मोबाइल टावरों के महंगे उपकरणों चोरी करने वाले 6 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से लगभग 4 करोड़ का माल बरामद हुआ है। गैंग के आधा दर्जन बदमाश अभी भी फरार है। पुलिस के मुताबिक रुड़की से बीटेक किया हुआ इंजीनियर मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र और दिल्ली एनसीआर में मेंटेनेंस का काम किया जाता था। वही इनको सूचना दिया करता था। गाजियाबाद में क्राइम ब्रांच के एडीसीपी सचिदानंद ने बताया की मोबाइल टावरों से महंगे उपकरण चुराने वाले गैंग के 6 पकड़े गए बदमाशो के अभी 6 और साथी फरार है जिनमे मुख्य एक कबाड़ी भी है जो इन माल को आगे खपत करने का कार्य करता है। पकड़े गए बदमाशो में कैफ मालिक , सुमित कसाना, राहुल गोयल , सुएब , सुहैल तथा वसीम है जिनमे राहुल इंजीनियरिंग है। कैफ , सुमित और सुऐब कबाड़ी का , वसीम और सुहैल चोरी का काम करते थे। इन सभी बदमाशो को गाजियाबाद के नंदग्राम से गिरफ्तार किया गया है। फैरी के बहाने रेकी कर वारदात को अंजाम दिया करते थे।

### हाईराइज सोसाइटी में पानी हुआ दूषित

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम की साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में रहने वाले लोगों ने आरोप लगाया है की समिति का पानी दूषित हो गया है। इसकी सूचना पर स्वास्थ्य विभाग के लोग मौके पर कैंप कर रहे हैं। यहां रहने वाले लोगों का आरोप है की गर्मी में पानी की खपत ज्यादा होती है ऐसे में पानी दूषित होने की वजह से ज्यादा बीमारी हुई है। लोगों की रहने वाले लोग उल्टी और पेट खराब की शिकायत कर रहे हैं। गाजियाबाद के थाना इंदिरापुरम की साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में रहने वाले बीएस राठौर बताते हैं कि यह सोसाइटी 40 मंजिला है। यहां 1620 फ्लैट है जिसमें से तकरीबन 1000 परिवार यहां रह रहे हैं। यहां रह रहे लोगों का आरोप है कि पिछले 7 दिनों से पानी में दिक्कत आ रही है। जिसके चलते तकरीबन हर टावर हर फ्लैट में कोई ना कोई बीमार हुआ है। बीएस राठौर का दावा है कि 500 से अधिक इस सोसाइटी में रहने वाले लोग बीमार हैं। लोगों को उल्टी पेट खराब की शिकायत सामने आ रही है।

### घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म का प्रयास

मोदीनगर। मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव में दोपहर एक बजे के आसपास को अकेली देखकर युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। अलग अलग समुदाय का मामला होने के कारण तनाव बना हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मोदीनगर के भोजपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते है। उन्होंने बताया कि दोपहर को घर में कोई था। मेरी 24 वर्षीय पुत्री अकेली थी। वह अपने छोटे बच्चे को दूध पिला रही थी। इसी बीच गांव निवासी दूसरे समुदाय का युवक दीवार फांदकर अंदर आ गया। आरोपी युवक ने युवती के साथ अश्लील हरकत कर छेड़छाड़ करनी शुरु कर दी। इतना ही नहीं जबरन कमरे में खीचकर दुष्कर्म का प्रयास करने की कौशिक की। विरोध करने पर युवती को मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। किसी तरह युवक ने शोर मचा दिया।

### इकलौते बेटे ने सिर में गोली मारकर जान दी

ग्रेटर नोएडा। सूरजपुर क्षेत्र के श्यौराजपुर गांव में शुक्रवार तड़के युवक ने पिस्तौल से खुद की कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह इकलौता बेटा था। पुलिस को युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि युवक ने गृह क्लेश के चलते तनाव में यह कदम उठाया। मामले की जांच की जा रही है।सूरजपुर कोतवाली प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि श्यौराजपुर गांव में किसान लख्मीचंद परिवार के साथ रहते हैं। लख्मीचंद के 22 वर्षीय इकलौते बेटे अंशुल ने शुक्रवार की सुबह पिस्तौल से खुद की कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि तड़के अंशुल घर से सोकर उठने के बाद खेत पर बने अपने कमरे पर गया था। यहां पहुंचकर उसने घटना को अंजाम दिया। अंशुल की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इकलौते बेटे की मौत से गांव में भी मातम छाया हुआ है। बताया जा रहा है कि दो महीने पहले अंशुल की शादी हुई थी। पुलिस आत्महत्या का कारण गृह क्लेश बता रही है। अंशुल पिस्टल कहां से लेकर आया, इसके बारे में भी कुछ पता नहीं चला है।

# भाजपा ने लोगों की जान को संकट में डाला : अखिलेश

एजेंसी

मैनपुरी। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने वैक्सीन लगवा कर लोगों की जान को संकट में डाल दिया है।
अपनी पत्नी एवं पार्टी प्रत्याशी डिंपल यादव के पक्ष में किशनी में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने मांग की कि भाजपा के लोगों ने जैसे फ्री वैक्सीन लगवाई वैसे ही लोगों के शरीर की जांच भी बड़े से बड़े हॉस्पिटल में फ्री में करवाएं।
उन्होने कहा कि भाजपा का झूठ लोगों ने समझ लिया है अब भाजपा का पूरी तरह से सफाया होने जा रहा है। तीसरे चरण में बरेली से मैनपुरी तक हर सीट पर भाजपा हारेंगी ।पहले और दूसरे चरण की चुनावी सभाओं में जनता ने



भाजपा को नकार दिया था ।भाजपा के लोग संविधान के पीछे पड़े थे अब लोगों की जान के पीछे। वैक्सीन से लोगों की जान जा रही है।
अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों के लिए हर चीज महंगी कर दी, डीजल पेट्रोल महंगा कर दिया किसान की फसल की कीमत भाजपा सरकार नहीं दे पा रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है उसी तरह किसानों का कर्ज समाजवादी पार्टी सरकार बनने पर माफ करेगी और किसानों को खुशहाल करने के लिए उन्हें कानूनी अधिकार से एम एस पी दिलाने का काम करेगी।
उन्होंने कहा कि नौजवान सब बेरोजगार है, सरकार आने पर 30 लाख नौकरी आरक्षण के साथ देने का काम किया जाएगा ।अग्निवीर की न नौकरी पूरी है और न ही शहीद होने के बाद सम्मान दिया जाता है सपा सरकार आने फौज की पक्की नौकरी दी जाएगी पहले की तरह और अग्निवीर योजना बन्द होगी ।भाजपा अगर दोबारा आ गई तो अभी तो सिर्फ फौज बालों की नौकरी चार साल की की है सरकार में आने के बाद कहीं पुलिस की नौकरी भी तीन साल की न कर दी जाए।
अखिलेश यादव ने कहा कि मैनपुरी सीट से डिम्पल यादव रिकार्ड मतों से जीतेंगी। भाजपा के नेता सिर्फ मैनपुरी देखने के लिए आ रहे हैं।

## एकतरफा प्यार में कंप्यूटर टीचर को गोली मारी

**बिजनौर।** बिजनौर के एक कंप्यूटर सेंटर में युवक ने टीचर को गोली मार दी और भाग गया। गंभीर हालत में टीचर को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पहले वह इसी कंप्यूटर सेंटर में पढ़ता था। वह दो साल से टीचर को परेशान कर रहा था। मामला बिजनौर शहर कोतवाली क्षेत्र का है। बुखारा रोड पर RCTI कंप्यूटर सेंटर है। यहां मोहल्ला चौधरीयान में रहने वाले सुदेश की बेटी कोमल देवल (25) टीचर है। शुक्रवार को प्रशांत (23) कंप्यूटर सेंटर में घुसा। वह सीधे क्लास में गया और पढ़ा रही कोमल को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर स्टाफ भागकर पहुंचा, तो टीचर जमीन पर पड़ी थी। स्टाफ के लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। सेंटर के मालिक एमयू खान ने बताया कि टीचर क्लास में पढ़ा रही थी।

## सहारनपुर में गेहूं की पैदावार बढ़ने से किसानों के खिले चेहरे

सहारनपुर। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर मंडल में गेंहू की बंपर पैदावार से किसानो के चेहरे खिल गये हैं।

सहारनपुर का किसान चावल, गेहूं और गन्ने की खेती करता है। पिछले कुछ सालों के दौरान किसानों का रूझान पापुलर की खेती की ओर बढ़ा है।

इस बार नगदी फसल माने जाने वाली गन्ने की फसल पिट जाने से किसानों को जो मायूसी हाथ लगी थी वह गेहूं की उत्पादकता बढ़ने और अच्छी फसल होने से पूरी तरह से दूर हो गई है।

अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जिले में वर्ष 2023-24 में 111886 हेक्टेयर में गेहूं की बुआई हुई थी और अबकी पिछले वर्ष की तुलना में गेहूं की उत्पादकता में करीब 1.83 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की वृद्धि सामने आई है।

सहारनपुर के उप निदेशक कृषि डा. राकेश कुमार ने बताया कि तीन कारणों से गेहूं की उत्पादकता बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे प्रमुख कारण किसानों ने उन्नत प्रजाति डीबीडब्लयू-187, 303 और 222 की बुआई की थी। पहले किसान एचडी-2967 प्रजाति की बुआई करते थे। हालांकि कुछ किसान अभी भी पुरानी प्रजाति की बुआई कर रहे हैं।

डा.कुमार के मुताबिक नई प्रजाति की फसल की दो खूबियां हैं एक तो फसल गिरती नहीं है दूसरे भूसा भी अच्छा होता है। नई प्रजाति के गेहूं की पैदावार पिछले पांच वर्षों की तुलना में बेहतर है। पहले 41.67 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी जो बढ़कर 43.50 हो गई है।

वर्ष 2019-20 में गेहूं की उत्पादकता 38.92 क्विंटल प्रति हेक्टेयर थी। यानि पिछले पांच वर्षों में 4.58 क्विंटल प्रति हेक्टेयर बढ़ी है। इससे किसानों की लागत कम हुई और आय में बढ़ोतरी हुई है।

## नाबालिग से रेप के आरोपी को सात साल कैद

औरैया। औरैया में किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में शुक्रवार को फैसला आया। दोषी अमित को न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने सात वर्ष के कठोर कारावास और 15 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि वादी ने थाना सहायल में रिपोर्ट लिखाई।
इसमें कहा गया कि आरोपी अमित कुमार उसकी नाबालिग पुत्री को 17 जून 2017 की रात बहला फुसलाकर ले गया। वह और उसकी पत्नी किसी काम से शिवराजपुर गए थे। घटना वाले दिन घर पर कोई और नहीं था। घर वापस आने पर घटना की जानकारी हुई। पुत्री साथ में अपनी मां के जेवरात भी ले गई है। इस मामले में अमित के घर वालों की सहमति भी पता चली है।
पुलिस ने विवेचना कर आरोपित अमित और उसके भाई मिथुन पर नाबालिग को बहला फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म का आरोप लगाकर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। एक आरोपी मिथुन की मृत्यु हो चुकी है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक जितेन्द्र सिंह तोमर और मृदुल मिश्रा ने रेप के आरोपी को कठोर दंड देने की बहस की।

## पोलिंग पर्सन को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने में सक्षम व दक्ष बनाये : मंडलायुक्त

### सुरक्षा के दृष्टिगत चप्पे-चप्पे पर होगी निगरानी अराजक तत्वों पर करें कार्यवाही : आईजी रेंज तरुण गाबा

विशाल इंडिया/पुनीत मिश्रा

सीतापुर ।लखनऊ मंडल आयुक्त डा0 रोशन जैकब एवं आई0जी0 रेंज लखनऊ तरूण गाबा ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान आयुक्त एवं आई0 जी0 रेंज ने संवेदन शील एवं अति संवेदनशील बूथों की जानकारी ली।



उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर पूर्व में कोई अप्रिय घटना घटित हुयी हो, वहां पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को चिन्हित करते हुये उनकी सूची तैयार कर ली जाये। ऐसे बदमाश हो, गुंडा हो, बवाली हो उन पर कार्यवाही कर उनको बाहर कर दिया जाये। पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि ऐसा कोई भी बूथ न छूटे जहां पर सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी हो, उसकी तैयारी पहले से ही कर ली जाये। बूथों पर माइक्रो आर्ब्जवर व वेकास्टिंग द्वारा निगरानी रखी जाये।

उन्होंने बाहर से आने वाली फोर्स के ठहरने की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि फार्स को ठहरने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

## एसओजी-पुलिस टीम ने अवैध असलहा फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

### 5 तमंचे और अधबने असलहा, करतूस और उपकरण किए बरामद, दो गिरफ्तार

**कासगंज।** कासगंज में पुलिस ओर एसओजी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चुनाव से पहले एक अवैध असलहा फैक्ट्री का खुलासा कर दिया है। खुलासा करते हुए पुलिस टीम ने अवैध असलहा बनाते हुए दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 5 बने तमंचे, 1 अधबना तमंचा और करतूस सहित भारी मात्रा में असलहा बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं।



कासगंज जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 7 में को मतदान होना है और चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर जिले में पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करके उनको जेल भेज रही है। वहीं शुक्रवार को पुलिस और एसओजी की टीम ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए सर्विलांस की मदद से एक अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा कर दिया।

सीओ पटियाली विजय कुमार राना के नेतृत्व में थाना गंजडुण्डवारा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम के द्वारा थाना गंजडुण्डवारा क्षेत्र के गांव नगला चिना के जंगल में छापामार कार्रवाई की गई, जिसमें जंगल में संचालित की जा रही अवैध असलहा फैक्ट्री को पकड़ा गया। वहीं पुलिस ने मौके से असलहा बनाते दो आरोपी संजोग सिंह उर्फ संजू और रहीस पुत्र लियाकत को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती ने बताया की गिरफ्तार आरोपी में से संजू कुकर सही करने का काम करता था। कर्ज होने की वजह से वो अवैध असलहा बनाने लगा। ये लोग 2200 से लेकर 2500 तक का अवैध असलहा बेचा करते थे, जिन्हें जेल भेजा जा रहा है।

## लखनऊ में सिक्योरिटी गार्ड ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखनऊ। लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में एक सिक्योरिटी गार्ड ने दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना देने के। बाद पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही हैं । पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, रायबरेली के पूरे राई थाना नसीराबाद का रहने वाला अनुराग तिवारी (28) लखनऊ के कैंट थाना क्षेत्र में स्थित निलमथा के सैनिक मंगल निकेतन कालोनी में किराए पर रहकर एक सिक्योरिटी कंपनी में गार्ड की नौकरी करता था और वर्तमान समय में लुलू मॉल में कार्यरत था। अनुराग रोजाना की तरह ड्यूटी खत्म कर घर वापस आया और अन्य साथियों के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे साथी अतुल सिंह उसे जगाने पहुंचे तो देखा कि दरवाजा अंदर से खुला था और उसका शव पंखे में दुपट्टे के सहारे लटका हुआ था। उन्होंने पुलिस और परिजनों को सूचना दी । मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के आने बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नही लगाए हैं।

## जहर-खाने वाले दरोगा की इलाज के दौरान मौत

गोरखपुर। गोरखपुर पुलिस लाइन में तैनात एक दरोगा की गुरुवार की देर शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बुधवार को जहर खा लिया था। महराजगंज जिले के फरेंदा में प्रेम पोखरा के पास अचेत अवस्था में मिले दरोगा को पुलिसकर्मियों ने BRD मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, जहां गुरुवार की देर शाम उनकी मौत हो गई। बीते 22 अप्रैल को अनियमितता बरतने के आरोप में एसएसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया था। दरअसल, बलिया जिले के टकरमन, बैडपुर गांव के रहने वाले 30 साल के दरोगा विकेश उपाध्याय की तैनाती 2 सालों से गोरखपुर में थी। उन्हें कैंपियरगंज थाने में पोस्टिंग मिली थी। बीते 22 अप्रैल को एसएसपी ने उन्हें अनियमितता बरतने के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया था। इसके बाद से ही वे पुलिस लाइन में रह रहे थे। सूत्रों के मुताबिक लाइन हाजिर होने के बाद दरोगा अवसाद में चले गए थे।

## मेरठ में नाले में मिला अज्ञात शव

मेरठ। मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित सोहराब गेट बस अड्डे के पास नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकलवाया और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन घंटों बाद भी पहचान न होने के बाद शव को मोर्चरी भेज दिया और जांच शुरू कर दी।

## भैंस बांधने गई युवती की तालाब में गिरकर मौत

### पैर फिसलने के कारण तालाब की गहराई में गिरी युवती, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद में तालाब के किनारे भैंस बांधने गई युवती का पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब में गिर गई और उसकी मौत हो गई। युवती की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव शेखुपुर में रहने वाले रामगोपाल का मकान तालाब के किनारे है। शुक्रवार को उनकी 18 वर्षीय पुत्री कमलेश बघेल भैंस बांधने के लिए तालाब के किनारे गई थी। तभी उसका पैर फिसल गया और वह तालाब की गहराई में चली गई। बेटी की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे निकालने का प्रयास करने लगे। जब तक वह उसे निकाल पाते युवती ने दम तोड़ दिया। जिंदा होने की आस में परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। इस मामले में इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार का कहना है कि परिजनों के द्वारा अभी तक इस मामले में कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक यह सामने आया है की युवती का पैर फिसलने की वजह से वह तालाब में गिर गई थी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

## आबकारी व पुलिस ने शराब के गढ़ में की कार्रवाई

### 1060 लीटर कच्ची शराब की बरामद, छ हजार लीटर लहन किया नष्ट

ललितपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने शनिवार को कच्ची शराब के अड्डे पर छापा मारी किया गया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एंव क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब /मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस व आवकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम मऊमाफी मे अवैध रूप से बनायी जा रही शराब की सूचना पर दबिश देकर तीन अभियुक्तागण रबीना पत्नि महेन्द्र कबूतरा उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम मऊमाफी रजनी पत्नि बलराम उम्र 25 वर्ष निवासी मैलवारा रोड मऊमाफी थाना कोतवाली बीना पत्नि रघुपत कबूतरा उम्र 52 वर्ष निवासी मऊमाफी कबूतरा डेरा थाना कोतवाली ललितपुर



के कव्जे से 1060 लीटर अवैध कच्ची शराब नाजायज व शराब बनाने के उपकरण एक भट्टी बरामद कर 6000 लीटर लहन को मौके पर नष्ट कराया गया ।

अभियुक्तागण उपरोक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 324/24 धारा 60 (2) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया ।

अभियुक्तागणो को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण आबकारी निरीक्षक अन्विता तिवारी क्षेत्र प्रथम मय टीम उ0नि0 संजीव धामा चौकी मसौरा बैरियर उ0नि0 भोलानाथ म0का0 शारीन बानो आबकारी क्षेत्र प्रथम होगा0 राजेश कुमार महिला पीआरडी सरोज सिंह महिला पीआरडी विनीता आदि शामिल रही।

## दो अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

मिर्जापुर। मिर्जापुर के अहरौरा पुलिस ने वाटर पार्क मोड़ के पास से इनोवा कार सवार 2 अंतरराज्यीय शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से करीब 10 लाख का 30 किलो मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। पकड़े गए आरोपी द्वारा पूछताछ में दीपक कुमार पुत्र स्वाम्मेन्द्र कुमार राजीव गांधी कोलोनी एवं सोविंग कुमार आहूजा पुत्र जयदेव आहवा लुधियाना पंजाब बताए गए हैं। जिसका खुलासा एसपी सिटी नितेश सिंह ने पुलिस लाइन में पत्रकार वार्ता के दौरान किया। कार के चारों गेट में लगे फाइवर के अन्दर एवं कार में बनवाई गई पांच विशेष कैविटी में अवैध गांजा होना बताया गया। कार के चारों गेट के अंदर छिपाकर उड़ीसा से लुधियाना ले जाया जा रहा था। चुनावी बयार के बीच एसपी अभिनन्दन के निर्देश पर सक्रिय अहरौरा पुलिस को सफलता मिली। क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में अहरौरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी हैं।

## नहरों में पानी का जमाव न हो : डीएम

ललितपुर ।गोविन्दसागर बांध की नहर की होगी सफाई, जिलाधिकारी ने निरीक्षण कर देखी व्यवस्था राजकीय जिला पुस्तकालय में वॉटर कूलर की स्थापना व शौचालय का होगा निर्माण। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के द्वारा प्रात:कालीन भ्रमण के दौरान आज गोविन्दसागर बांध से निकली छोटी नहर व राजकीय जिला पुस्तकालय का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गए। विदित है कि जिलाधिकारी गर्मी की शुरुआत से ही नगर में प्रात:कालीन भ्रमण कर लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं और मौके पर उनका निस्तारण भी करा रहे हैं, जिसके परिणामस्वरुप नगर में पेयजल, विद्युत, सफाई व अतिक्रमण काफी हद तक नियंत्रित हुआ है। इसी के क्रम में आज जिलाधिकारी सुबह-सुबह गोविन्दसागर बांध पहुंच गए, जहां पर उन्होंने आम नागरिकों से वार्ता की, साथ ही बांध से निकलने वाली छोटी नहर जो शहर के बीचोबीच होकर निकलती, का निरीक्षण कर प्रवाह देखा। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कचरा व प्लाटिग पॉलीथिन आदि मिलें, उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहर की पर्याप्त सिल्ट सफाई करायी जाये, जिन स्थानों पर पानी के प्रवाह कम है, वहां पर विशेष सफाई अभियान चलाकर कार्य कराया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजकीय जिला पुस्तकाल का निरीक्षण किया। यहां पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि पुस्तकालय में लगभग सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं, साथ ही निर्धारित समय के अनुसार पुस्तकालय का संचालन किया जा रहा है।

## शार्ट न्यूज

### 7 मई को होगा नामांकन, डीएम का जायजा

हरिनारायण यादव ब्यूरो विशाल इंडिया

गाजीपुर। लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने नामांकन स्थल (न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट कक्ष) का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होने नामांकन स्थल से 100 मीटर की परिधि मे बैरिकेटिंग रूट डायवर्जन का निर्देश दिया। किसी भी वाहन का इस एरिया में प्रवेश निषेध रहेगा। उन्होंने बताया कि चुनाव सातवे चरण में सम्पन्न किया जायेगा जो लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु प्रत्याशियों का नामांकन 7 मई 2024 शुरू होगा। उन्होने बताया कि आयोग के निर्देशो का शत प्रतिशत पालन किया जायेगा, 100 मीटर की परिधि में कोई वाहन नही आयेगा। नामांकन के समय प्रत्याशियों के साथ अन्य 4 व्यक्ति प्रवेश कर सकते है। सी0सी0टी0वी कैमरा चारो रास्तो एवं न्यायालय कक्ष में पर्याप्त मात्रा में नामांकन कार्य तक चालू की स्थिति में रहेगे।

### तीन किलो गांजे के साथ दो युवक गिरफ्तार



ललितपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने तीन किलो गांजा बरामद करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों तीन किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एंव क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रेमनगर काँटा राजघाट से दो अभियुक्तगण कैलाश बरार पुत्र जमुना प्रसाद उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम प्रेमनगर काँटा राजघाट चौकी राजघाट थाना कोतवाली सोनू राजा बुन्देला पुत्र शंकर सिंह उम्र 24 वर्ष नि0 ग्राम करगन नयाखेडा थाना कोतवाली को अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 03 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ ।

### करण भूषण सिंह ने किया नामांकन

गोंडा। गोंडा की कैसरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाए गए करण भूषण सिंह आज अपने सैकड़ों गाड़ियों के काफिले और समर्थकों के साथ गोंडा के रघुकुल विद्यापीठ पहुंचे। जहां पर उन्होंने साधु संतों का आशीर्वाद लिया। साथ ही अपने पिता बृजभूषण शरण सिंह और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का आशीर्वाद लेकर के पांच प्रस्तावओं के साथ गोंडा कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर उन्होंने अपर जिलाधिकारी कोर्ट में चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गोंडा जिले में आज नामांकन का आखिरी दिन है और कल देर शाम ही करण भूषण सिंह को भारतीय जनता पार्टी द्वारा कैसरगंज से बीजेपी का प्रत्याशी बनाया गया है। करण भूषण सिंह के नामांकन से खुद पिता बृजभूषण सिंह नहीं पहुंचे। न ही उन्होंने नामांकन सभा को संबोधित भी किया। करण भूषण सिंह के नामांकन के दौरान उनके बड़े भाई सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह सहित 5 प्रस्तावक मौजूद रहे। करण भूषण सिंह के नामांकन करने से पहले उनकी माता पूर्व सांसद केतकी सिंह, उनकी पत्नी नेहा सिंह, बड़े भाई प्रतीक भूषण सिंह की पत्नी डॉक्टर राजश्री सिंह ने आरती उतारकर कारण भूषण सिंह को आशीर्वाद दिया गया।

### फतेहपुर में फौजी ने ससुराल में किया सुसाइड

फतेहपुर। फतेहपुर में छुट्टी लेकर घर आए सेना के जवान ने ससुराल में सुसाइड कर लिया। खेत से घर लौटे परिजनों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। फौजी के परिवार के लोगों ने हत्या कर फांसी पर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। जिले के हठगांव थाना क्षेत्र के नगरा गांव के रहने वाले हरीलाल का बेटा घनश्याम सिंह (38) सेना में जवान था। अपनी ससुराल खखरेरु थाना क्षेत्र के किशनपुर चिरई गांव में छुट्टी लेकर गया था। पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद होने के बाद दोपहर में घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। खेत से जब ससुराल के लोग घर वापस आए तो फांसी पर शव लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। फौजी के परिजनों को जब जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचे और हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया। फौजी के मौसी के बेटे रणजीत ने बताया कि 15 दिन पहले छुट्टी लेकर घर आया था और छुट्टी पर आने के बाद घर नहीं रुका और अपनी ससुराल पहुंच गया। मृतक की पत्नी श्रीदेवी शादी के बाद से अपने गांव में शिक्षा मित्र के पद पर तैनात थी। वह मायका छोड़कर कभी ससुराल नहीं आई और भाई को अपने घर पर ही बुलाती थी। भाई के ससुराल वालों ने हत्या कर शव फांसी के फंदे पर लटका दिया है।

### हाईटेंशन लाइन से छुआ पाइप एक मजदूर की मौत

बहराइच। बहराइच के महसी इलाके में स्थित एक ग्राम ग्रामीण के घर के बाहर लगा नल खराब हो गया था। उसे ठीक कराने के लिए पड़ोस के ग्राम से तीन श्रमिक आए थे। जब एक मजदूर नल के अंदर से पाइप को निकाल रहा था। तभी पाइप घर बाहर से गुजरी हाइटेंशन लाइन से टकरा गया जिससे करंट लगने से मजदूर लोहे के पाइप से चिपक गया। साथ में काम करने आए दो लोग उसे बचाने दौड़े तो तो उनको भी करंट लग गया। ग्रामीण तीनो घायलों को लेकर स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हरदी थाने के गदामार कला ग्राम लगे खराब नल को सही करने के दौरान पाइप को तुसलीराम निकाल रहे थे। तभी पाइप घर के बाहर से गुजरे हाईटेंशन लाइन की तार से टच हो गई और करंट लग गया। तुलसीराम की चीख सुनकर बचाने दौड़े 40 वर्षीय मिश्रीलाल पुत्र तुलसीराम 50 वर्षीय तीरथ पुत्र गंगू को भी करंट लग गया। ग्रामीण तीनों श्रमिकों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने तुलसीराम की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

### बलरामपुर में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री

बलरामपुर। बलरामपुर में अवैध शराब की बिक्री थमने का नाम नहीं ले रही है। एक वीडियो प्रतापपुर चौराहा के पास नरगोजवा मोड़ का वायरल हुआ है। वीडियो 11 सेंकेंड का है। इसमें एक व्यक्ति पालीथीन में शराब की पाउच बिक्री करता दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के तीन दिन बाद जिला आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम ने तीनों के पास से 30 लीटर शराब बरामद की है। आबकारी विभाग और देहात कोतवाली पुलिस ने तीन शराब विक्रेताओं को गिरफ्तार किया है, जो अवैध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों में शराब बिक्री कर रहे थे। तीनों विक्रेताओं को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया गया है। इसमें रामकेवल को प्रतापपुर चौराहा के आगे नरगोजवा मोड़ से 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, दूसरे रामू पुत्र वच्छराज को नरगोजवा महराजगंज जंगल के पास से 10 लीटर के साथ और तीसरे घिराऊ लाल पुत्र बेकरू निवासी ग्राम सबलपुर महराजगंज जंगल को हसुआडोल से गिरफ्तार किया है। हेल्थ फांउडेशन के अध्यक्ष शहजाद अहमद ने बताया जिले के पंचपेड़वा, सहदुल्लानगर, देहातकोतवाली, भारत नेपाल सीमा पंचपेड़वा और जरवा में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार होता है, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति की जाती है।

## यूएई में फिर बारिश-आंधी, स्कूल-दफ्तर बंद, उड़ानें कैंसिल



अबू धाबी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बारिश ने एक बार फिर तबाही मचाना शुरु कर दिया है। भारी बारिश और आंधी के चलते कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें को रद करना पड़ा है। यूएई में भारी बारिश और तूफान के चलते ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। आज भी यूएई में भारी बारिश होने की संभावना है। मौजूदा मौसम के कारण देश के सभी सरकारी स्कूलों में आज छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। वहीं, ज्यादातर कंपनियों के कर्मचारी वर्क फॉम होम कर रहे हैं। पार्क और समुद्र तट बंद कर दिए गए हैं। अबू धाबी के कुछ इलाकों में गुरुवार को सड़कों पर पानी भर गया, जबकि जेबेल अली, अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दुबई इंडस्ट्रियल सिटी, दुबई इन्वेस्टमेंट्स पार्क और जुमेरा विलेज ट्राएंगल में तेज हवाएं चली हैं। बता दें कि 14-15 अप्रैल को भी भीषण बारिश के चलते अरब प्रायदीप के क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुए थे। इस दौरान दुबई में 1949 के बाद से सबसे अधिक बारिश हुई थी जो एक रिकार्ड थी। दुबई की एमिरेट्स एयरलाइन ने संयुक्त अरब अमीरात में खराब मौसम के कारण कई उड़ानें रद्द करने की घोषणा की।

## पाकिस्तान में हादसा : पहाड़ी से फिसलकर नाले में गिरी बस ; 20 की मौत, कई घायल



पेशावर। उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा हो गया। जहां एक यात्री बस पहाड़ी इलाके से फिसलकर नाले में गिर गई, जिसमें सवार कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर हुई। बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। इस दौरान चालक ने बस से नियंत्रण खो दिया और बस पहाड़ी से फिसलकर सीधे नीले में जा गिरी जिसमें कम से कम 20 यात्रियों की मौत हो गई और करीब 15 लोग घायल हो हुए है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि यह साफ नहीं हो सका है कि बस में कितने यात्री सवार थे। अधिकारी ने बताया कि बचाव कार्य जारी हैं और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है। गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर अफसोस जाहिर करते हुए प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिए हैं। गिल्टगिट-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने कहा कि दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। घायलों को इलाज जारी है।

## एक ऐसा देश जिसकी कुल आबादी कुल आबादी 39 है, इनमें शामिल है 35 लोग और 4 कुत्ते



वॉशिंगटन। अमेरिका के नेवाडा में स्थित देश मोलोसिया की कुल आबादी 39 है, जिसमें 35 लोग और 4 कुत्ते शामिल हैं। यह एक माइक्रोनेशन है। इस देश के अपने अलग कानून, परंपरा, यहां तक की अलग करेंसी भी है। यहां के राष्ट्रपति बेखौफ होकर खुलेआम सड़कों पर घूमते नजर आ जाएंगे। इतना ही नहीं, अपने देश के हर नागरिक को वो पहचानते हैं और मिलना-जुलना भी होता है। बता दें कि 1977 में केविन बॉघ और उनके एक दोस्त को अलग देश बनाने का विचार आया था। ऐसे में दोनों ने मिलकर मोलोसिया को एक माइक्रोनेशन के रुप में स्थापित किया। तब से लेकर अबतक केविन इस छोटे से देश के राष्ट्रपति हैं। उन्होंने खुद को वहां का तानाशाह घोषित कर रखा है, जबकि उनकी पत्नी को मोलोसिया की पहली महिला का दर्जा मिला है। केविन ने अपने जिस दोस्त के साथ माइक्रो नेशन मोलोसिया के स्थापना की कल्पना की थी, उसने थोड़े समय के बाद ही इस आइडिया को त्याग दिया। लेकिन केविन के मन में ये आइडिया घर कर गया और उन्होंने अपने इस शौक को आगे जारी रखा। यहां रहने वाले ज्यादातर नागरिक केविन के रिश्तेदार हैं, जो इस देश के बॉर्डर के आस-पास रहते हैं। लेकिन इस देश को अभी तक दुनिया की किसी भी सरकार से मान्यता नहीं मिला है। इस छोटे से देश में दुकान, लाइब्रेरी, श्मशान घाट के अलावा कई अन्य सुविधाएं मौजूद हैं। कई लोग इस अनोखे देश का टूर करने आते रहते हैं। लेकिन अंदर आने के लिए टूरिस्ट को अपने पासपोर्ट पर स्टैम्प लगवाना पड़ता है। पिछले 40 सालों से केविन यहां आने वाले पर्यटकों को अपने छोटे से देश की सैर करवाते हैं। ये टूर कुल 2 घंटे का होता है। घूमने आने वाले लोगों का कहना होता है कि ऐसे मिलनसार तानाशाह कम ही देखने को मिलते हैं। मोलोसिया की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, इस देश का कुल क्षेत्रफल 11.3 एकड़ है, जिसके राजधानी का नाम बॉंघस्टन है। वहीं, 26 मई को नेशनल हॉली डे होता है।

## चीन में बारिश से हाईवे ढहा, 48 की मौत

बीजिंग। साउथ चीन के गुआंग्डोंग प्रांत में तेज बारिश के कारण नेशनल हाईवे एस12 का एक हिस्सा ढह गया। इस हादसे में 48 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। हादसा मीझोउ पहाड़ी के पास रात दो बजे हुआ, जिसमें सडक का एक लेन 18 मीटर तक नीचे ढह गया। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक हाईवे ढहने से 20 गाडियां नीचे गिर गईं, इनमें 54 से ज्यादा लोग सवार थे। घटना की जानकारी मिलने पर 500 राहत कर्मियों ने बचाव कार्य संभाला। चीन सरकार ने मामले में जांच के आदेश दिए हैं।





लॉस एंजिल्स में पुलिस अधिकारी फिलिस्तीन के समर्थन में नारे लगाने वाले छात्रों को गिरफ्तार करते हुए।

## चीन ने लॉन्च किया मून मिशन, इस पर पाकिस्तान का सैटेलाइट ; 53 दिनों में चांद के सबसे अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने का लक्ष्य

बीजिंग। भारत के चंद्रयान-3 मिशन के बाद अब चीन ने भी अपना मून मिशन लॉन्च कर दिया है। इस मिशन का नाम चैंगई-6 मिशन है और इसमें पाकिस्तान का आईक्यूब-क्त सैटेलाइट लगा हुआ है। इस सैटेलाइट में 2 कैमरे हैं, जो चांद की सतह की तस्वीरें लेंगे। मून मिशन को हैनान द्वीप के वेन्चांग स्पेस साइट से लॉन्ग मार्च 5 रॉकेट के जरिए लॉन्च किया गया। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, इस प्रोब का लक्ष्य चांद के दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना है। चीन का यह प्रोब 53 दिन तक चांद पर रहेगा, यानी 25 जून को यह धरती पर लौट आएगा। प्रोब शुरुआती कुछ दिन पृथ्वी की कक्षा में गुजारेगा और बाद में चांद की तरफ रवाना हो जाएगा। चीन ने साल 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है। अभी तक चांद पर जा चुके सभी 10 लूनर मिशन पास वाले हिस्से (जो हमें दिखता है) पर ही पहुंचे हैं। ऐसे में अगर चीन का मिशन सफल रहता है तो वो ऐसा करने वाला पहला देश बन जाएगा। चैंग ई-6 साउथ पोल-एटकेन बेसिन पर लैंड करेगा। यह चांद के तीन सबसे बड़े और प्रमुख जमीनी हिस्सों में से एक है। इसलिए इसकी साइंटिफिक वैल्यू बहुत ज्यादा है। चीन ने दूसरे देशों के साथ स्पेस को-ऑपरेशन बढ़ाने और रिश्तों को मजबूत करने के लिए उनके पेलोड ले जाने की घोषणा की थी। इसके तहत चीन पाकिस्तान के अलावा फ्रांस, इटली और यूरोपियन स्पेस एजेंसी का पे-लोड लेकर रवाना हुआ है।

## 53 दिनों का मिशन, 2 किलोग्राम सैंपल, जहां अब तक कोई नहीं गया, चांद पर उस जगह लैंडिंग की योजना

**ओटावा (एजेंसी)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ स्पेस वॉर में कंधे से कंधा मिलाने के लिए चीन तैयार नजर आ रहा है। इसी क्रम में चीन ने चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने एकत्र करने के लिए शुक्रवार को अपना मिशन लॉन्च कर दिया है। चांग%ई-6 जांच चीन का अब तक का सबसे जटिल रोबोटिक मून मिशन है और एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने के लिए बीजिंग के प्रयास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'चांग' चंद्र अन्वेषण का नाम चीन के मिथकों में मिलने वाली एक देवी के नाम पर पड़ा है। चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से को पृथ्वी से नहीं देखा जा सकता है।

### 53 दिनों का मिशन, 2 किलोग्राम सैंपल करेगा जमा

53-दिवसीय मिशन अभूतपूर्व है और यह चीन के तेजी से परिष्कृत और महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम में नवीनतम प्रगति होगी, जो पहले ही चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर एक रोवर उतार चुका है, ऐसा करने वाला पहला देश बन गया है। चंद्रमा का रहस्यमय सुदूर भाग रेडियो खगोल विज्ञान और अन्य वैज्ञानिक कार्यों के लिए आदर्श है, लेकिन संचार बनाए रखने के लिए रिले उपग्रह की आवश्यकता होती है। सीएनएसए के अनुसार, चांग-6 में चार उपकरण- ''ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल'' हैं। इस मिशन के जरिये चंद्रमा पर धूल और चट्टानों के नमूने एकत्र करने के बाद एसेंडर उन्हें ऑर्बिटर तक पहुंचाएगा, जो नमूनों को री-एंट्री मॉडयूल को स्थानांतरित करेगा।





### चंद्रमा की देवी के नाम पर मून मिशन

इस मिशन के जरिये चंद्रमा पर धूल और चट्टानों के नमूने एकत्र करने के बाद एसेंडर उन्हें ऑर्बिटर तक पहुंचाएगा, जो नमूनों को री-एंट्री मॉडयूल को स्थानांतरित करेगा। इसके बाद, यह मॉड्यूल इन नमूनों को पृथ्वी पर लाएगा। सीएनएसए ने इससे पहले कहा था कि मिशन का उद्देश्य स्वचालित तरीके से नमूने एकत्र करना और फिर चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से से उन्हें लेकर लौटने जैसी प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सफलता हासिल करना है।

### चंद्रयान-3 ने की थी चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग

चीन ने मंगल ग्रह पर भी रोवर भेजे हैं। इससे पहले, चीन ने 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री को उतारने की अपनी योजना की घोषणा की थी। भारत, चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास रोवर उतारने वाला पहला देश है। पिछले साल, भारत का चंद्रयान-3 लैंडर और प्रज्ञान रोवर वहां सफलतापूर्वक उतरा था। पृथ्वी के सम्मुख कभी न आने वाला चंद्रमा का दूरस्थ हिस्सा रेडियो खगोल विज्ञान एवं अन्य वैज्ञानिक कार्य के लिए उपयोगी है।

## स्थानीय चुनावों के खराब नतीजों के बाद दबाव में प्रधानमंत्री सुनक



### -40 साल में पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटेन के मौजूदा पीएम ऋषि सुनक की पार्टी के लिए आगामी चुनाव की राह मुश्किलों भरी दिखाई दे रही है। पार्टी को चुनाव में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, स्थानीय चुनावों के खराब नतीजों के बाद रातोंरात स्थिती बदल गई है। इन चुनाव नतीजों को 40 साल में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है।

कंजर्वेटिव पार्टी विपक्ष की लेबर पार्टी से पीछे छूटती दिखाई पड़ रही है। इतना ही नहीं ब्लैकपूल दक्षिण उपचुनाव में टोरी को मिले बहुमत भी पलट गया है। ऐसे में विपक्षी दल को लाभ मिलने के बाद भारतीय मूल के नेता सुनक को खुद की पार्टी के लोगों का विरोध झेलना पड़ सकता है। यह संभावना जताई जा रही है।

### स्टर्मर ने एक प्रचंड जीत करार दिया

आम चुनाव से पहले उपचुनाव के आए नतीजे को लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टर्मर ने एक प्रचंड जीत करार दिया। साथ ही उन्होंने इस नतीजे को पार्टी के पक्ष में एक समग्र चुनावी जनादेश के रूप में घोषित किया।

### ब्लैकपूल पूरे देश की आवाज

उपचुनाव को लेकर स्टर्मर ने कहा, ब्लैकपूल पूरे देश की आवाज है। यहां के लोगों को ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी को सीधा संदेश भेजने का मौका मिला और उनका संदेश था कि वह बदलाव के लिए वोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुनक के लिए यह स्पष्ट संदेश है कि अब बदलाव का समय है। आम चुनाव का समय है।

### सबसे खराब प्रदर्शन

दरअसल, ब्लैकपूल साउथ में लेबर उम्मीदवार क्रिस वेब ने कंजर्वेटिव के नेता डेविड जोन्स को उस निर्वाचन क्षेत्र में हराया, जहां टोरी ने साल 2019 में जीत उपलब्ध की थी। प्रख्यात सर्वेक्षक प्रोफेसर जॉन कर्टिस ने का कहना है, हम पिछले 40 वर्षों में स्थानीय सरकार के चुनावों में कंजर्वेटिव पार्टी के सबसे खराब प्रदर्शन को देख रहे हैं।

## भारत के खिलाफ बाइडेन ने ऐसा क्या कहा... व्हाइट हाउस को देनी पड़ रही सफाई

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन फिर भारत विरोधी बयान देने की वजह से सुर्खियों में हैं। अक्सर दूसरे देशों के मामले में दखल देने वाले बाइडेन ने भारत को एक जेनोफोबिक देश कहा है। बता दें कि जेनोफोबिया से ग्रसित उन्हें कहा जाता है जो अजनबियों से डरते हैं या बाहरी अपचरित व्यक्तियों से नफरत करते हैं। अब मामले के तूल पकड़ने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से बयान भी सामने आ गया है। व्हाइट हाउस ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन की जेनोफोबिक टिप्पणी पर सफाई देकर स्पष्ट किया है कि उन्होंने एक व्यापक बिंदु पर टिप्पणी की थी कि देश में अप्रवासियों का होना कितना जरूरी है और कैसे इनके कारण हमारा देश मजबूत बनता है। वह इस बारे में बात कर रहे थे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा कि अमेरिकी सहयोगी और साझेदार अच्छी तरह से जानते हैं कि बाइडेन उनका कितना सम्मान करते हैं।

बाइडेन ने भारत के साथ चीन, रूस और जापान को भी जेनोफोबिक देश बताया था। 2024 में फिर से सत्ता में आने के लिए वाशिंगटन में फंड रेसिंग प्रोग्राम में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं। क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं। बाइडेन इस साल होने वाले अमेरिकी चुनान में राष्ट्रपति पद की रेस में रिपब्लिकन उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ मैदान में हैं। उन्होंने अक्सर अपने प्रतिद्वंद्वी की आप्रवासी विरोधी बयानबाजी के लिए आलोचना की है।

## भारत के खिलाफ शिकायत करने संयुक्त राष्ट्र पहुंचा पाकिस्तान, कर डाली इतनी सारी शिकायतें

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** देश में जो कुछ भी गलत होता है उसके लिए भारत को दोषी ठहराने की पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही आदत का एक और उदाहरण, इस्लामाबाद संयुक्त राष्ट्र के दरवाजे पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की तरफ से नई दिल्ली पर अतिरिक्त-न्यायिक और अतिरिक्त-क्षेत्रीय कार्य करने के अविवादित सबूत का आरोप लगाया है। पाकिस्तानी धरती पर हत्याएं. भारत द्वारा %व्यवस्थित अभियान% चलाने का पाकिस्तान का आरोप तब आया है जब कई देशों ने आतंकवादी समूहों द्वारा सीमा पार हमलों को चिह्नित किया है, जिन्हें वहां सुरक्षित आश्रय प्रदान किया गया है।

26 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अपनी शिकायत में, पाकिस्तान, जिसका सीमा पार आतंकवादियों को भेजने का संदिग्ध रिकॉर्ड है। उसने अंतरराष्ट्रीय कानून, देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन का दावा करके एक विडंबनापूर्ण हंगामा खड़ा कर दिया। इसमें आगे दावा किया गया कि भारतीय एजेंटों द्वारा संचालित एक नेटवर्क सक्रिय रूप से सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से भर्ती, वित्तपोषण और इन गतिविधियों के निष्पादन को



नियंत्रित करने में लगा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए इन कार्रवाइयों की गंभीरता और निहितार्थ को देखते हुए, मैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से भारत द्वारा किए गए अंतरराष्ट्रीय कानून के इन उल्लंघनों को तुरंत संबोधित करने और निंदा करने का आग्रह करता हूं।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने लिखा कि भारत के राज्य-प्रायोजित आतंकवाद को तत्काल रोकने और इसका सम्मान करने का आह्वान करता हूं। सभी देशों की संप्रभुता और ऐसे सभी अपराधियों को जवाबदेह ठहराने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करते हैं। इसने गैर-न्यायिक हत्याओं पर गार्जियन की एक हालिया रिपोर्ट का भी हवाला दिया, जिसे भारत ने झूठ और दुर्भावनापूर्ण प्रचार के रूप में स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है।

## हर साल 25 कुंवारी लड़कियों को चुनकर अपना सेक्स गुलाम बनाता है तानशाह

**प्योंगयांग (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन हर साल 25 कुंवारी लड़कियों को चुनते हैं। इन लड़कियों को चुनकर वे अपने प्लेजर स्क्वाड का हिस्सा बनाते हैं और अपने महल में रखकर शारीरिक संबंध बनाते हैं। रिपोर्ट में 30 साल की कोरियन यूट्यूबर और लेखिका ओनमी पार्क ने दावा किया है कि लड़कियों को चुनने में उनकी खूबसूरती के साथ राजनीतिक वफादारी को भी देखा जाता है। पार्क का दावा है कि प्लेजर स्क्वाड में शामिल करने के लिए उनकी भी दो बार खोज की गई थी लेकिन पारिवारिक स्थिति के कारण उन्हें नहीं चुना गया। ओनमी 2007 में 13 साल की उम्र में उत्तर कोरिया से भाग गई थीं। इसके बाद वह दक्षिण कोरिया और फिर अमेरिका चली गईं।

पार्क का कहना है कि लड़कियों को चुनने का काम बड़े स्तर होता है। सनकी तानशाह के लोग इसके लिए स्कूलों में जाकर भी सुंदर लड़कियों की तलाश करते हैं। एक बार जब उन्हें कुछ सुंदर लड़कियां मिल जाती हैं, तब उनकी पारिवारिक और राजनीतिक स्थिति की जांच की जाती हैं। उन सभी लड़कियों के नाम हटा दिए जाते हैं, जिनके परिवार के सदस्य उत्तर कोरिया से भाग गए हैं। या जिनके रिश्तेदार दक्षिण कोरिया और दूसरे देशों में हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, लड़कियों की पारिवारिक स्थिति की परख के बाद अगला कदम उनका मेडिकल परीक्षण होता है। मेडिकल जांच का मकसद ये देखना होता है कि लड़की वर्जिन हैं कि नहीं। इसके बाद कुछ और मेडिकल जांच से लड़कियों को गुजरना होता है। किसी लड़की के शरीर पर कोई छोटा सा निशान भी अयोग्यता की वजह बन सकती है। तमाम जांच के बाद जो लड़कियां चुनी जाती हैं, उन्हें राजधानी प्योंगयांग भेज दिया जाता है। लड़कियां जब प्लेजर स्क्वाड का हिस्सा बन जाती हैं, उनका काम सिर्फ और सिर्फ यौन सुख देना होता है। पार्क ने कहा कि किम जोंग उन के पिता किम जोंग इल का मानना था कि किशोर लड़कियों के साथ यौन अंतरंगता उन्हें अमर कर सकती है। किम जोंग इल ने इसके लिए 1980 के दशक में कुछ सुंदर लड़कियों को चुनने का फैसला लिया था। 2011 में 70 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हो गई और उनके बेटे किम जोंग उन के हाथ में सत्ता आ गई। किम जोंग उन भी इसी रास्ते पर चल रहे हैं।

पार्क का कहना है कि इस स्क्वाड में भी तीन अलग-अलग विभाग हैं। कुछ लड़कियों को मालिश में ट्रेनिंग दी जाती है। एक वर्ग किम और उसके करीबी लोगों के मनोरंजन के लिए गायन और डांस में माहिर होता है। तीसरा समूह यौन गतिविधियों के लिए होता है। इसमें शामिल लड़कियों को किम के साथ यौन संबंध बनाने



होते हैं। सबसे सुंदर लड़कियों को किम के पास भेजा जाता है। कम सुंदर लड़कियों को जनरलों और दूसरे राजनेताओं के पास भेजा जाता है। ओनमी पार्क का कहना है कि इस दस्ते की महिलाएं जब 25 साल की उम्र को पास कर लेती हैं, तब उन्हें रिटायर कर दिया जाता है। आमतौर पर उनकी शादी किम के अंगरक्षकों से कर दी जाती है। प्लेजर स्क्वाड की महिलाओं को सुरक्षा सेवाओं के सदस्य से शादी करने का विशेषाधिकार है।

# आईपीएल में आज होगा आरसीबी और गुजरात का मुकाबला

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** आईपीएल में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ उतरेगी। आरसीबी को इस मैच में अपने घरेलू मैदान का लाभ मिलने की उम्मीदें रहेंगी। ये दोनो टीम अंकतालिका में काफी पीछे हैं। आरसीबी दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस के दस मैचों में आठ अंक हैं और वह आठवें स्थान पर है। ऐसे में प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखने के लिए दोनो ही टीमों को ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

इन दोनो ही टीमों की संभावना चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैचों में मिली हार से बनी हैं। इन दोनों ही टीमों को अब हर मैच जीतने के साथ ही दूसरी टीमों के परिणामों पर भी आधारित रहना होगा। आरसीबी के लिए अब तक इस सत्र में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने सबसे अधिक रन बनाये हैं। इस मैच में भी टीम को उनसे इसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। आरसीबी की ओर से विराट के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी और रजत पाटीदार ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया है। वहीं टीम के गेंदबाज भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं जिससे टीम अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पायी है। ऐसे में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज , यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह को अब अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। इन गेंदबाजों में इस मैच में गुजरात के बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर बनाने से रोकना होगा। गुजरात के पास कप्तान शुभमन गिल , साई सुदर्शन और डेविड मिलर सहित कई अच्छे गेंदबाज हैं पर टीम को निरंतरता की कमी से लाभ नहीं मिला है। टीम अभी तक एक ईकाई के रूप में अच्छा नहीं कर पायी है। इसी कारण वह करीबी मुकाबले हारी है।

गुजरात के पास राशिद खान जैसा शानदार स्पिनर है पर वह भी अब तक प्रभावित नहीं कर पाये हैं। राशिद ने हालांकि अंतिम ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी की है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिये हैं। पिछले साल उन्होंने 8 . 24 की इकॉनॉमी रेट से 27 विकेट लिये थे। उसके तेज गेंदबाज उमेश यादव और मोहित शर्मा ने विकेट लिए हैं पर काफी रन भी दिये हैं।

कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मैच रोमांचक रहेगा। इसमें टॉस पर भी काफी कुछ परिणाम आधारित रहेगा। बल्लेबाजी पिच होने के कारण टॉस जीतने वाली टीम बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी।




### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर**–फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**गुजरात टाइटंस**–शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार।

# कीस को हराकर इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में



**मैड्रिड (एजेंसी)।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6.1, 6.3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1.6, 7.5, 7.6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4.6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

# विराट का अनुभव टी20 विश्वकप के लिए अहम रहेगा : अगरकर

### –आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में है अंतर



**मुम्बई (एजेंसी) ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने विराट कोहली की प्रशंसा करते हुए कहा है उनका अनुभव बहुमूल्य है और वह टी20 विश्व कप में हमारे लिए बेहद अहम हैं। अगरकर ने कहा कि इसी कारण हम आईपीएल में उनके स्ट्राइक रेट को लेकर विचार नहीं कर रहे क्योंकि हम जाने हैं कि वह शीर्ष स्तर के खिलाड़ी हैं।

विराट ने अब तक 10 पारियों में एक शतक और चार अर्धशतकों के साथ 500 रन बनाए हैं पर उनके 147 से कुछ अधिक का उनका स्ट्राइक रेट को कम बताया जा रहा है। वहीं अन्य बल्लेबाजों ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड का स्ट्राइक रेट 194 से अधिक हैं। इसके अलावा फिल सॉल्ट 180 से अधिक और सुनील नारायण 182 से अधिक हैं। अगरकर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम इस पर चर्चा कर रहे हैं। वह आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी कर रहे हैं इसलिए कोई चिंता की बात नहीं है।'

विराट का अनुभव बहुमूल्य है पर अगरकर का मानना है कि अगर बड़े स्कोर वाले मैच होते हैं तो बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त पावर हिटर हैं। अगरकर ने कहा कि आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अंतर है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अनुभव बहुत अहम होता है। अगरकर का सीधा कहना है कि विश्वकप कप का दबाव अलग होता है। इसलिए वह कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर चिंतित नहीं हैं। विराट कोहली के नाम टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है

# महिला क्रिकेट : भारत टेस्ट, वनडे और टी20 श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की करेंगी मेजबानी

**मुम्बई (एजेंसी)।** बेंगलुरू – भारत जून और जुलाई में 1 टेस्ट, 3 एकदिवसीय और 3 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा।

वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी। इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला टी20 विश्व कप खेला जाएगा।

सफेद गेंद प्रारूप की श्रृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की श्रृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है। गौरतलब है कि भारत ने पिछले साल दिसंबर में मुंबई में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक-एक टेस्ट खेला था। भारत ने उन मैचों में इंग्लैंड को महिला टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े 347 रनों से और ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हराया था।

# पांड्या के चयन हो अगरकर ने सही बताया, उसका कोई विकल्प नहीं

मुंबई ।बीसीसीआई चयनसमिति के प्रमुख अजित अगरकर ने आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के चयन को लेकर कहा कि हमारे पास उनका कोई विकल्प नहीं था। अगरकर के अनुसार कोई अन्य खिलाड़ी वो भूमिका नहीं निभा सकता जो पंड्या निभाते हैं। अगरकर के अनुसार हार्दिक के होने से टीम में संतुलन आता हैं, साथ ही वह जिस प्रकार खेलता है वैसे कोई नहीं खेल सकता। साथ ही कहा कि टीम चयन में आईपीएल प्रदर्शन की भूमिका नहीं रही है।उन्होंने ये बात इसलिए कही कि पंड्या आईपीएल में गेंदबाजी और बल्लेबाजी में विफल रहे हैं। इसी कारण कई लोगों ने हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने पर सवाल उठाये थे। इसके अलावा पंड्या की फिटनेस भी अच्छी नहीं रही है। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। वहीं टी20 विश्वकप में अभी समय है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद है कि वह अपनी फिटनेस पर काम कर रहा है। गेंदबाजी करने पर वह रोहित को काफी विकल्प और संतुलन दे सकता है।अगरकर ने कहा कि जब तक वह फिट रहता है तो हम जानते हैं कि वह क्या कर सकता है। वह टीम को कितना संतुलन देता है।मुझे नहीं लगता कि इस समय एक क्रिकेटर के तौर पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प है, खासकर जब बात उसके गेंदबाजी करने के तरीके की हो।उन्होंने कहा कि वास्तव में अपने संतुलन के साथ वह रोहित को अलग–अलग संयोजनों में खेलने का विकल्प देता है, इसलिए हमारे लिए उसकी फिटनेस अहम है और अब तक किस्मत से, वह एक खिलाड़ी के तौर पर ठीक–ठाक प्रदर्शन कर रहा है।



# रुतुराज को टी20 विश्व कप के लिए शामिल नहीं करने पर भड़के श्रीकांत



मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को टी20 विश्व कप के लिए शामिल नहीं किये जाने पर नाराजगी जतायी है। श्रीकांत ने इस मामले में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) चयनसमिति को भी आड़े हाथों लिया है। श्रीकांत ने कहा कि टीम चुनने में बहुत ज्यादा पक्षपात हुआ है। श्रीकांत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि रुतुराज को इस टीम में जगह मिलनी चाहिये थी। उन्होंने 17 टी20ई पारियों में 500 से अधिक रन बनाए। इसके अलावा उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक भी बनाया था। वहीं टीम में रिजर्व के तौर पर शामिल शुभमन गिल फार्म में नहीं हैं, इसके बाद भी उन्हें जगह दी गयी। साथ ही कहा कि शुभमन अगर असफल भी होते हैं तो भी उन्हें अवसर मिलता है।टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 में असफल होने पर भी उन्हें जगह मिल जाती है। श्रीकांत ने आईपीएल के इस सत्र में रुतुराज के अच्छे प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने 10 पारियों में 500 से अधिक रन बनाये हैं। इसके बाद भी उन्हें टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं है। श्रीकांत ने इसके साथ ही आक्रामक बल्लेबाज रिंकू सिंह को जगह ना मिलने पर नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि रिंकू कठिन हालातों में भी दबाव में नहीं आने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

# पीसीबी ने आईसीसी से कहा , चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत के मुकाबले एक ही शहर में रखें

**लाहौर(एजेंसी) ।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले चैंपियन्स ट्रॉफी में भारतीय टीम के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों को एक ही जगह रखना चाहता। इसी कारण पीसीबी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) से कहा है कि इन मुकाबलों को कराची, रावलपिंडी और लाहौर को में से किसी एक जगह पर रखा जाए। आईसीसी के महाप्रबंधक वसीम खान ने भी हाल ही में लाहौर का दौरा किया था जहां उन्होंने पीसीबी के शीर्ष अधिकारियों के साथ चैंपियन्स ट्रॉफी की तैयारियों पर बात की थी। तब पीसीबी ने उन्हें सलाह दी थी कि सुरक्षा कारणों से भारतीय टीम के यात्रा कार्यक्रम को कम से कम रखा जाए।'' ऐसे में वह क्वालीफाइंग दौर के मैच कराची में चाहता है।

भारत और पाक अभी केवल आईपीसी टूर्नामेंटों में खेल रहे हैं पर इसके बाद भी भारतीय टीम के पाक जाने की कोई संभावनाएं नजर नहीं आती हैं। इससे पहले एशिया कप में भी भारत ने सुरक्षा करणों से पाक जाने से इंकार कर दिया था। तब भारत के मुकाबले श्रीलंका में हुए थे। वहीं पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के अनुसार इस बार किसी अन्य देश में मुकाबले नहीं रखे जाएंगे और सभी टीमों को पाक में ही खेलना होगा। पीसीबी ने आईसीसी ने कहा है कि वह भारतीय क्रिकेट बोर्ड पर चैम्पयंस ट्रॉफी में खेलने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। पीसीबी के अनुसार उसने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी ओर से तैयारियां शुरु कर दी हैं।




# चेलसी से हारकर टोटेनहम की चैम्पियंस लीग की उम्मीदों को झटका



लंदन – चेलसी के हाथों 2.0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैम्पियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह 4 दिन में दूसरी हार थी।उसे आर्सनल ने रविवार को 3.2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैम्पियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे।टोटेनहम तालिका में 5वें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे 7 अंक आगे है।

# शैफाली की शानदार पारी से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरा टी20 जीता, सीरीज में 3–0 की बढ़त मिली

सिलहट (ईएमएस)।शेफाली वर्मा की अर्धशतकीय की सहायता से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी–20 मुकाबले में बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया।इस जीत के साथ ही भारतीय टीम पांच मैच की टी20 सीरीज में 3–0 से आगे हो गयी है।इस मैच में जीत के लिए मिले 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने सलामी बल्लेबाज शेफाली और स्मृति ने तेजी से खेलते हुए पहले विकेट लिए 91 रन बनाये।शेफाली ने 38 गेंदों में आठ चौकों की सहायता से 51 रन जबकि मंधाना ने पांच चौके, एक छक्का लगाते हुए 47 रन बनाये। शेफाली ने इस मैच में अपना नौवां अर्धशतक पूरा किया। इन दोनो के आउट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 6 और ऋचा घोष ने 8 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत के लक्ष्य तक पहुंचाया।इस प्रकार भारतीय टीम ने 18.3 ओवर में ही तीन विकेट पर 121 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज भारतीय टीम ने टॉस जीतकर मेजबान टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया।बांग्लादेश की टीम के लिए सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर ने 39 और कप्तान निगार सुल्ताना ने 28 रन बनाये।इनके आउट होने के बाद अन्य बल्लेबाज एक के बाद एक आउट होते चले गये।इस प्रकार मेजबान टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 117 रन ही बना पायी।भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट लिए जबकि रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल ने एक–एक विकेट लिया।



# अब बॉलीवुड में नजर आयेंगे रसेल



मुम्बई ।अपनी आक्रमक बल्लेबाजी के लिए मशहूर वेस्टइंडीज के क्रिकेटर आंद्रे रसेल अब बॉलीवुड में भी कदम रख रहे हैं।रसेल पिछले कई साल से भारत में आईपीएल खेल रहे हैं।रसेल के प्रशंसक भी भारत में काफी हैं, इस कारण भी उन्हें भारत में रहना पसंद है।रसेल का कहना है कि उन्हें भारत में बहुत प्यार मिलता है। अब वह अभिनेत्री अविका गौर के साथ एक गाने में डांस करते दिखेंगे।ये गाना 9 मई को रिलीज होगा।रसेल ने कुछ दिन पहले ही इस गाने की शूटिंग का पहला शॉट देने की एक तस्वीर भी साझा की थी।रसेल शांता स्वभाव के हैं और आईपीएल में केकेआर की ओर से खेल रहे हैं।हाल ही में उन्होंने अपना जन्मदिन भी भारत में ही मनाया था।रसेल ने अबतक 30 से ज्यादा टीमों की ओर से लीग क्रिकेट खेला है। इस सत्र में वह आईपीएल में केकेआर की तरफ से खेलते हुए रसेल को प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है वह 9 मैचों में केवल 179 रन ही बना पाये हैं।वहीं उन्होंने 9 विकेट लिए हैं।

# रोहित ने चार स्पिनरों के चयन पर कहा, हालातों के अनुसार लिया फैसला

### –आईपीएल प्रदर्शन को नहीं दिया अधिक महत्व

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आगामी टी20 विश्व कप क्रिकेट के लिए टीम में चार स्पिनरों के चयन को लेकर कहा कि इसमें आईपीएल प्रदर्शन को अधिक महत्व नहीं दिया गया। विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल चार स्पिनरों में कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा ऑलराउंडर हैं।

रोहित ने चार स्पिनरों को लेकर कहा कि हमने वेस्टइंडीज में काफी क्रिकेट खेली है। वहां के हालातों के अनुसार हमें चार स्पिनर चाहिये थे जिनमें से दो आक्रामक स्पिनर कुलदीप और चहल का रखा गया है जबकि दो स्पिन ऑलराउंडर अक्षर और जडेजा। इससे टीम को संतुलन मिला है। साथ ही कहा कि विरोधी टीम को देखकर हम अंतिम ग्यारह का चयन करेंगे। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है।

वहीं शिवम दुबे को शामिल करने और रिंकू सिंह की उपेक्षा पर रोहित ने कहा कि हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा। हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाज की जरूरत है। शीर्षक्रम ठीक खेल रहा है। दूसरे विकल्प भी हैं। हमने शिवम को आईपीएल और उससे पहले कुछ मैचों में उसके प्रदर्शन के आधार पर रखा है पर इसकी कोई गारंटी नहीं है कि अंतिम एकादश कैसी होगी। उन्होंने कहा कि 70 से 80 फीसदी टीम के खिलाड़ियों के नाम आईपीएल से पहले ही तय कर लिए गये थे। उन्होंने कहा कि आप अंतिम एकादश को ध्यान में रखकर ही उसके हिसाब से सोचते हैं। अंतिम 15 के बारे में बात आईपीएल से काफी पहले ही शुरू हो गई थी। कुछ स्थानों को लेकर हमने आईपीएल में विचार किया। आईपीएल में प्रदर्शन हर दिन बदलता है। कोई भी आकर शतक बना सकता है या पांच विकेट ले सकता है। हमें आईपीएल से पहले ही अपनी 70 से 80 फीसदी टीम पता थी।

रोहित ने कहा कि हरफनमौला दुबे और हार्दिक पंड्या को अपनी भूमिका पूरी तरह से निभानी होगी। उन्होंने कहा कि मैं उनसे वही करने की अपेक्षा करता हूं जो वे आईपीएल में कर रहे हैं। शिवम ने आईपीएल में एक भी ओवर नहीं डाला है पर वह अनुभवी क्रिकेटर है जो लाल गेंद से क्रिकेट में काफी ओवर डालता है। उन्होंने कहा कि कौशल वाले गेंदबाजों के लिए टी20 प्रारूप में सफल होने की संभावना अच्छी होती है। अगर हमें जरूरत हुई तो शिवम को कुछ ओवर डालने पड़ेंगे। इसी तरह से हार्दिक को भी जो आईपीएल में नियमित गेंदबाजी कर रहा है। उसने अभी तक सारे मैच खेले हैं ऐसे में फिटनेस का कोई मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि आफ स्पिनर को नहीं चुनने का कारण यह भी था कि वॉशिंगटन सुंदर, आर अश्विन पिछले काफी समय से नहीं खेला जबकि अक्षर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, इसलिए उनको ही शामिल किया।



# ओलंपिक के लिए सिंधु, प्रणय सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मिला टिकट

नई दिल्ली ।आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए तक सात बैडमिंटन खिलाड़ियों को क्वालीफाइंग टिकट मिला है।इसमें पीवी सिंधु, एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन जैसे शीर्ष खिलाड़ी शामिल हैं।सिंधु , प्रणय और लक्ष्य ने पहले ही ओलंपिक में जगह पक्की कर ली थी पर अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन महासंघ ने तय कट ऑफ तारीख के बाद आधिकारिक तौर पर अब इनके क्वालीफाई करने की पुष्टि की है।ओलंपिक खेल के नियमों के अनुसार कट ऑफ तारीख पर ही क्वालिफिकेशन रैंकिंग के आधार पर पुरुष और महिला एकल से शीर्ष 16 खिलाड़ी ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करते हैं।इसमें सिंधु 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे।

# गोदरेज परिवार में कारोबार बंटवारे के बाद शेयरों का अधिग्रहण शुरू

**- नादिर परिवार हासिल करेगा 20.84 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी**

**नई दिल्ली ।** गोदरेज परिवार ने अपने समूह के कारोबार के बंटवारे के बाद शेयरों का हस्तांतरण शुरू कर दिया है। स्टॉक एक्सचेंजों को दी गई जानकारी के अनुसार गोदरेज परिवार ने सूचीबद्ध कंपनियों में आदि गोदरेज, नादिर गोदरेज परिवार और जमशेद गोदरेज, स्मिता गोदरेज परिवार की हिस्सेदारी को अलग करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ने स्टॉक एक्सचेंजों को बताया कि शेयरों के अधिग्रहण की प्रक्रिया भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मंजूरी मिलने और 30 अप्रैल की सूचना के चार दिन बाद किसी भी समय पूरी करने का प्रस्ताव है। शेयरों का हस्तांतरण पारिवारिक निपटान समझौते के अनुसार किया जाएगा। आदि/नादिर परिवार गोदरेज इंडस्ट्रीज में 20.84 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी जमशेद/स्मिता परिवार से हासिल करेगा। इसके अलावा प्रवर्तक समूह की कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स एलएलपी के साथ साझेदारी से गोदरेज परिवार के कुछ सदस्यों को हटाने की भी योजना है। प्रमोटर समूह की इस कंपनी की गोदरेज इंडस्ट्रीज में 0.57 फीसदी हिस्सेदारी है। इसके साथ ही आदि/नादिर परिवार की गोदरेज इंडस्ट्रीज में 52.01 फीसदी हिस्सेदारी हो जाएगी। गोदरेज इंडस्ट्रीज गोदरेज समूह की अन्य सूचीबद्ध इकाइयों की होल्डिंग कंपनी है। इसके अलावा आदि/नादिर परिवार प्रवर्तक समूह (प्रमोटर ग्रुप) की एक अन्य कंपनी आरकेएन एंटरप्राइजेज के साथ ब्लॉक डील के जरिये जीआईएल में 12.65 फीसदी अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल करना चाहता है। आदि/नादिर के चचेरे भाई रिशद नौरोजी आरकेएन एंटरप्राइजेज के निदेशक हैं। नौरोजी प्रवर्तक कंपनी अनामुडी रियल एस्टेट्स से हट जाएंगे और केवल आदि गोदरेज परिवार ही अनामुडी रिटायरल्स में साझेदार बना रहेगा। परिवार के मुखिया आदि गोदरेज की 0.18 फीसदी हिस्सेदारी पूरी प्रक्रिया के बाद भी ज्यों की त्यों बनी रहेगी।

# एप्पल ने भारत में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की: टिम कुक

**वाशिंगटन ।**

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने कहा कि कंपनी ने भारत में मजबूत दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है और मार्च तिमाही में नया राजस्व रिकॉर्ड बनाया है। कुक ने कहा कि भारतीय बाजार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एप्पल, डेवलपर से लेकर बाजार तथा परिचालन तक पूरे परिवेश तंत्र पर काम कर रहा है और वह वृद्धि आंकड़ों से बेहद खुश है। उन्होंने टेक कंपनी की दूसरी तिमाही की आय में भारत के योगदान पर कहा कि हमने मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की। हम इससे बेहद खुश हैं। यह हमारे लिए मार्च तिमाही का नया राजस्व रिकॉर्ड है। क्यूपर्टिनो स्थित आईफोन निर्माता ने एक दर्जन से अधिक देशों और क्षेत्रों में रिकॉर्ड राजस्व दर्ज किए हैं। इनमें मार्च तिमाही के भारत, लैटिन अमेरिका और पश्चिम एशिया के साथ-साथ कनाडा, स्पेन और तुर्किये में दर्ज रिकॉर्ड राजस्व शामिल हैं। एप्पल के भारतीय प्रदर्शन पर कुक ने कहा कि कंपनी के परिचालन संबंधी कार्य और विभिन्न पहलों के साथ-साथ बाजार में प्रवेश की योजना जारी है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले वर्ष कुछ स्टोर खोले हैं और हमें वहां अपार संभावनाएं नजर आ रही हैं। मार्च में समाप्त वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों



की घोषणा करते हुए एप्पल ने कहा कि उसने तिमाही में 90.8 अरब अमरीकी डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत कम है। एप्पल एक अक्टूबर से 28 सितंबर तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करता है।

# न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू




**-इच्छुक ग्राहक 11,000 रुपये देकर करवा सकते हैं बुक**

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी चौथी पीढ़ी की न्यू स्विफ्ट के लिए प्री-बुकिंग शुरू कर दी है। ग्राहक नई स्विफ्ट को 11,000 रुपये का भुगतान कर प्री-बुकिंग करा सकते हैं। इस नई स्विफ्ट को पहले से बेहतर डिजाइन और ड्राइविंग डायनामिक्स के साथ सिग्नेचर स्पोर्टी डिजाइन में पेश किया जाएगा। मारुति सुजुकी स्विफ्ट भारत की नंबर 1 प्रीमियम हैचबैक कार रही है। लॉन्च के बाद से इसकी 29 लाख से अधिक कारें बिक चुकी हैं। अपने बेशुमार प्रशंसकों के साथ, इस स्पोर्टी प्रीमियम हैचबैक ने स्पोर्टी और डायनेमिक ड्राइविंग पर्फोर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट में नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं। अब एक नए अवतार में यह कार बाजार में लॉन्च होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस घोषणा पर मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जिक्यूटिव ऑफीसर, मार्केटिंग एंड सेल्स, पार्थो बनर्जी ने कहा, ÷मारुति सुजुकी के लिए स्विफ्ट एक सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है। यह एक ऐसा ब्रांड है जिसने बदलते समय के साथ ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए अपने में बड़े बदलाव किए हैं। 29 लाख ग्राहकों के साथ इसका मजबूत आधार और बीते वक्त में जीते गए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान इस बात का प्रमाण हैं कि यह लोकप्रिय स्विफ्ट किस प्रकार लगातार बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए हुए है।÷ उन्होंने बताया कि न्यू स्विफ्ट को स्पोर्टी डीएनए के साथ पेश किया गया है। नई जनरेशन स्विफ्ट के साथ कंपनी का ध्यान पर्यावरण संरक्षण की ओर भी है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली ।**

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में शुक्रवार को कोई बदलाव नहीं देखा जा रहा है। देश के अलग-अलग राज्यों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें भी अलग-अलग होती हैं। यह इसलिए क्योंकि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है। ईंधन पर राज्य सरकारें अपने मुताबिक टैक्स यानी वैट और अन्य कर लगाती हैं। राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.76 रुपये और डीजल की कीमत 87.66 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.19 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.13 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.93 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.74 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.73 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.32 रुपये प्रति लीटर बनी हुई है। बेंगलुरु में पेट्रोल 99.82 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.92 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.81 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.94 रुपये प्रति लीटर, गुरुग्राम में पेट्रोल 95.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 88.03 रुपये प्रति लीटर, चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.22 रुपये प्रति लीटर और डीजल 82.38 रुपये प्रति लीटर, हैदराबाद में पेट्रोल 107.39 रुपये प्रति लीटर और डीजल 95.63 रुपये प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 104.86 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.34 रुपये प्रति लीटर, पटना में पेट्रोल 105.16 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.03 रुपये प्रति लीटर, लखनऊ में पेट्रोल 94.63 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.74 रुपये प्रति लीटर है।

# डाबर इंडिया का कंसोलिडेटेड नेट मुनाफा 16.5 फीसदी बढ़ा

**मुंबई ।**

भारत की दिग्गज एफएमसीजी सेक्टर की कंपनी डाबर इंडिया ने वित्त वर्ष 24 की अंतिम तिमाही के लिए रिजल्ट्स जारी किए हैं। कंपनी ने गुरुवार को बताया कि मार्च तिमाही में उसका कंसोलिडेटेड नेट मुनाफा 16.5 फीसदी बढ़कर 341.22 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 292.76 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया था। अगर पूरे वित्त वर्ष की बात करे तब वित्तीय साल 24 में कंपनी का नेट मुनाफा 1811.31 करोड़ रुपये रहा, जो कि पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले 6.46 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी ने वित्तीय साल 23 में 1701.33 करोड़ का नेट मुनाफा दर्ज किया था। डाबर इंडिया ने बताया कि चौथी तिमाही वित्तीय साल 24 में उसका टोटल रवेन्यू सालाना आधार पर 5.11 फीसदी बढ़कर 2,814.64 करोड़ हो गया। पिछले साल की समान तिमाही (चौथी तिमाही वित्तीय साल 23) में कंपनी ने 2,677.80 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया था। वित्त वर्ष 24 में रोजाना यूज के सामान बनाने वाली दिग्गज कंपनी ने 12404.01 करोड़ रुपये का ऑपरेशन से रेवेन्यू दर्ज किया, जो वित्तीय साल 23 के 11529.89 करोड़ रुपये के मुकाबले 7.58 फीसदी ज्यादा है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने लाभांश (डिविडेंड) का भी ऐलान किया है। बोर्ड की तरफ से 1 रुपये की फेस वैल्यू पर 2.75 रुपये प्रति शेयर के डिविडेंड देने को मंजूरी दे दी है। अगर शेय,रहोल्डर्स की तरफ से मंजूरी मिल जाती है तो डिविडेंड की यह रकम निवेशकों के डीमैट




अकाउंट में क्रेडिट कर दी जाएगी। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान कंपनी ने 2943.40 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 2798.52 करोड़ रुपये थी। इस लिहाज से कंपनी की कुल आय में भी 5.17 फीसदी का इजाफा हुआ है। इस तरह डाबर इंडिया के एबिटा मार्जिन में भी 1.30 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है। जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में कंपनी का एबिटा मार्जिन 16.6 फीसदी दर्ज किया। वहीं, इसका एबिटा 14 फीसदी बढ़कर 467 करोड़ रुपये हो गया है।

## दो हजार के 97.76 फीसदी नोट वापस आए: आरबीआई

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि बंद किए गए 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने बयान में कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इस दिन के अंत में बाजार में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट बाजार में हैं। बैंक ने कहा` कि इस प्रकार, 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं। हालांकि, 2000 रुपये का नोट वैध है। लोग देशभर में आरबीआई के 19 कार्यालयों पर 2000 रुपये के नोट जमा कर सकते हैं या उन्हें अन्य नोट से बदल सकते हैं। जनता 2000 के नोट भारतीय डाक के माध्यम से भी आरबीआई के किसी भी कार्यालय में भेजकर उनके बराबर मूल्य की राशि अपने बैंक खातों में जमा करा सकती है। आरबीआई द्वारा नवंबर, 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के नोट बंद करने के बाद 2000 रुपये के नोट जारी किए गए थे।




## हीरो ने अप्रैल में बेचे 5.33 लाख वाहन

**मुंबई ।** हीरो मोटोकॉर्प ने कहा है कि उन्होंने अप्रैल 2024 में 5,33,585 से अधिक यूनिट बेचकर नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत की है। यह अप्रैल 2023 की तुलना में 34.7 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है, जब निर्माता ने 3.96 लाख यूनिट बेचे थे और मार्च 2024 की बिक्री के 9 प्रतिशत की क्रमिक वृद्धि दर्ज की गई थी, जो 4,90,415 यूनिट थी। देशी दोपहिया निर्माता की मोटरसाइकिलों की बिक्री अप्रैल 2024 में 4,96,542 यूनिट और अप्रैल 2023 में 3,68,830 यूनिट रही। स्कूटरों की बिक्री अप्रैल 2024 में 37,043 यूनिट और अप्रैल 2023 में 27,277 यूनिट रही। कुल घरेलू बिक्री अप्रैल 2024 और अप्रैल 2023 के लिए क्रमशः 5,13,296 यूनिट और 3,86,184 यूनिट थी।

## एप्पल करेगा बड़ा बायबेक, फिर खरीदेगा 10 अरब डॉलर के शेयर

**नई दिल्ली ।** विनिर्माता कंपनी एप्पल के स्टॉक में शानदार तेजी देखने को मिली है। दरअसल, कंपनी ने 10 बिलियन डॉलर के शेयर को बॉयबैक करने की घोषणा की। कंपनी के इस ऐलान के बाद निवेशक कंपनी के शेयर खरीदने में जुट गई। माना जा रहा है कि यूएस के इतिहास में पहली बार कोई कंपनी ने इतने ज्यादा स्टॉक को वापस खरीद रही है। एम-कैप के हिसाब से एप्पल दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी मानी जाती है। वर्ष 2018 में कंपनी ने 100 बिलियन डॉलर के शेयर को खरीदा था। अब कंपनी ने अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करने वाली है। अगर अमेरिकी के इतिहास में टॉप-10 शेयर के बायबैक को देखा जाए तो उसमं से 6 एप्पल और 3 गूगल है।कंपनी ने शेयर बायबैक के साथ 25 सेंट के डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने बताया कि एप्पल को इस तिमाही भी मुनाफा हुआ है, जिसके बाद कंपनी ने शेयरहोल्डर्स को लाभांश देने का फैसला लिया।

## एचसीएलटेक और सिस्को की परवेसिव वायरलेस मोबिलिटी सेवा शुरू

**नई दिल्ली ।** आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज और नेटवर्क दिग्गज सिस्को ने परवेसिव वायरलेस मोबिलिटी ऐज़-ए-सर्विस शुरू करने की घोषणा की है। यह विभिन्न उद्योगों के लिए सुरक्षित और निर्बाध उद्यम-व्यापी संपर्क स्थापित करेगी। खबर के अनुसार यह सेवा एचसीएलटेक की प्रबंधित नेटवर्क सेवा विशेषज्ञता को सिस्को की अल्ट्रा-रिलायबल वायरलेस बैकहॉल (यूआरडब्ल्यूबी) प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ती है ताकि नेटवर्क का एक ऐसा बुनियादी ढांचा तैयार किया जा सके जो मजबूत संपर्क प्रदान करे। एचसीएलटेक और सिस्को ने व्यापक वायरलेस मोबिलिटी को सेवा के रूप में पेश किया है। यह विविध उद्योगों के लिए सुरक्षित और निर्बाध उद्यम-व्यापी संपर्क स्थापित करेगी।

## बजाज फाइनेंस के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली ।** बजाज फाइनेंस के शेयर में शुक्रवार के कारोबारी सत्र में तेजी देखने को मिल रही है। सुबह शुरुआत में कंपनी के स्टॉक 6 फीसदी से ज्यादा चढ़कर 7,349.20 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया था। बजाज फाइनेंस के शेयर 4.91 फीसदी की उछाल के साथ 7,220.65 रुपये प्रति शेयर पर कारोबार कर रहा था। शेयर में आई तेजी के बाद बजाज फाइनेंस का एम-कैप 445,689 करोड़ रुपये हो गया। नवबंर 2023 में आरबीआई ने बजाज फाइनेंस के ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये लोन की मंजूरी पर पाबंदी लगा दी थी। केंद्रीय बैंक ने डिजिटल लोन के प्रावधानों का पालन न करने की वजह से यह कदम उठाया था। रबीआई के इस फैसले से चौथी तिमाही में बजाज फाइनेंस के मुनाफे में 4 फीसदी की गिरावट आई। इसके अलावा कंपनी के शेयर भी 5 फीसदी तक फिसल गए।



## चावल-मसालों और डेयरी सहित अन्य उत्पादों की भी होगी जांच

**नई दिल्ली ।** एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के बाद खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी उत्पादों व मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों की जांच शुरू करने की योजना बनाई है।



फल व सब्जियों, मछली उत्पादों में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों की भी निगरानी की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मसाला, जड़ी-बूटियां, दूध और दूध से बने उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाएगा। सिंगापुर और हांगकांग की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने ले रहा है। सभी मसालों के नमूने इसलिए लिए जा रहे हैं, ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि कंपनी उत्पाद में ज्यादा चीनी का उपयोग कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या 2020-21 में 1,07,829 से बढ़कर 2023-24 में 4,51,000 से अधिक हो गई है। इस आधार पर तीन गुना ज्यादा नमून लिए गए हैं। 2020-21 में 1,07,829 नमूने लिए गए। 2021-22 में 1,44,345 नमूनों का विश्लेषण किया गया। 2022-23 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया। पिछले वित्त वर्ष में 4,51,296 नमूने लिए गए।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**सेंसेक्स 733 अंक , निफ्टी 172 अंक नीचे आया**

**मुम्बई ।**

शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों से बाजार की तेज शुरुआत हुई पर कुछ समय बाद ही दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हावी होने से बाजार नीचे आने लगा। इसके बाद ये सिलसिल बाजार बंद होने तक चला। आज कारोबार के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयरों में जमकर बिकवाली हुई। आज इंट्रा-डे कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,143 अंक नीचे आकर 73,468 के निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी-50 22,350 अंक से नीचे आ गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 732.96 अंक करीब 0.98 फीसदी टूटकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में आज 73,467.73 और 75,095.18 के बीच कारोबार हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 172.35 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आया। निफ्टी दिन के अंत में 22,475.85 अंक पर बंद हुआ। इसमें आज 22,348.05 और 22,794.70 के बीच कारोबार हुआ। दिग्गज कंपनियों में बिकवाली के दबाव में इक्विटी बेंचमार्क सूचकांकों में भी भारी गिरावट आई। वहीं शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क इंडेक्स रिकॉर्ड हाई पर थे। यह दूसरी बार है जब निफ्टी 22,700 के स्तर को पार करने के बाद तेजी से नीचे आया है। ऐसे में बाजार जानकारों का मानना है कि निफ्टी आने वाले समय में सीमित दायरे में कारोबार करेगा। विदेशी संस्थागत निवेशकों के शेयर बेचने से भी बाजार पर दबाव आया। मार्च में ठहराव के बाद, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अप्रैल में घरेलू इक्विटी से 6,300 करोड़ रुपये निकाले। मई के पहले कारोबारी सत्र में भी निवेशकों ने 964 करोड़ रुपये के शुद्ध शेयर बेचे। वहीं गत दिवस बाजार मामूली बढ़त पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से `मिले अच्छे रुझानों की वजह से बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। बीएसई सेंसेक्स 400 अंक बढ़कर 75,070 पर और एनएसई निफ्टी 50 135 अंक गिरकर 22,783 पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, टाटा मोटर्स, एमएंडएम, रिलायंस,




आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, आरआईएल ने सेंसेक्स पर बढ़त हासिल की, जबकि पॉवेग्रिड, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा लाल निशान में कारोबार करते दिखे। दूसरी ओर, एनएसई निफ्टी 50 पर ओएनजीसी, बीपीसीएल और बजाज ऑटो टॉप गेनर्स रहे, जबकि कोल इंडिया और हेरोमोटोकॉर्प आज के टॉप लूजर्स रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में क्रमशः 0.54 और 0.29 फीसदी की बढ़त के साथ व्यापक बाजार मजबूत खुले। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी बैंक और निफ्टी मेटल एनएसई पर सेक्टोरल बढ़त का नेतृत्व करते दिखे।

# भारत के साथ व्यापार करना चाहते हैं अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान

**-पाकिस्तान के रास्ते नहीं, नया ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर बनाएंगे**

**काबुल।**

अफगानिस्तान ने दो मध्य एशियाई देशों कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के साथ पिछले हफ्ते एक त्रिपक्षीय बैठक आयोजित की। इस बैठक का मुख्य मुद्दा भारत के साथ व्यापार करने के लिए नए परिवहन गलियारे पर बातचीत करना था। बैठक में तुर्कमेनिस्तान और कजाकिस्तान के प्रतिनिधियों ने अफगानिस्तान में पारगमन और परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने पर सहमति जताई है। बैठक में कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री सेरिक झुमंगारिन आगामी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट इनिशिएटिव पर प्रकाश डालते हुए ट्रैफिक फलो की गणना और पुर्नसंरचना की जरुरतों पर बल दिया। तीन पक्षों ने यह भी विचार कि वह भारत से व्यापार करना चाहते है।

ईरान के चाबहार बंदरगाह के जरिए ये संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह सब तुर्कमेनिस्तान के बुनियादी ढांचे और बेइनु-अक्टौ-बोलाशाक में हमारे बुनियादी ढांचे को विकसित करने में मदद करेगा। तीनों देशों ने यह माना कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे की पूर्वी शाखा ने रूस और बेलारूस से कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के जरिए से अफगानिस्तान, भारत और पश्चिम एशिया तक माल पहुंचाने के लिए एक मार्ग बनने के लिए नई प्रेरणा मिली है। वे आपस में पहले से सहमत समझौतों को लागू करने के लिए एक कार्य समूह स्थापित करने पर सहमत हुए।

कजाकिस्तान-तुर्कमेनिस्तान मार्ग आईएनएसटीसी की शाखाओं में से एक है। अफगानिस्तान, कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को भारत के साथ सड़के के रास्ते व्यापार करने के लिए पाकिस्तान की जरूरत है। पाकिस्तान ने हमेशा से अपनी जमीन से होने वाले व्यापार को बाधित करने का प्रयास किया है। इसका ताजा उदाहरण 2022 की शुरुआत में भारत से अफगानिस्तान को भेजे गए खाद्यानों के दौरान देखने को मिला था। लेकिन, अब ईरान के चाबहार बंदरगाह वाला रास्ता खुलने से मध्य एशियाई देशों को पाकिस्तान के रास्ते जाने की कोई जरूरत नहीं होती।

## बिड़ला एस्टेट्स ने मुंबई में 72 फ्लैट बेचकर 2,500 करोड़ कमाए

**मुंबई ।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी बिड़ला एस्टेट्स ने कहा कि उसने मुंबई स्थित अपनी लक्जरी आवासीय परियोजना में 72 फ्लैटों की बिक्री कर 2,500 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। कंपनी ने कहा कि ये फ्लैट




आवासीय टावर सिलास में मौजूद हैं जो कि मध्य मुंबई में स्थित लक्जरी आवासीय परियोजना बिड़ला नियारा का हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक, इस टावर में कुल 148 फ्लैट हैं जिनमें से 72 अपार्टमेंट की बिक्री हो चुकी है। एक अपार्टमेंट की कीमत 30-45 करोड़ रुपये के बीच रही है। कंपनी के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि बिड़ला नियारा का सिलास टावर मुंबई में लक्जरी आवासीय क्षेत्र में नए मानक तय करेगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: **जितेन्द्र चौधरी,** आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in